संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 23 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नवरात्रि के आखिरी दिन यानि नवमी को दुर्गाजी के नवें स्वरुप माँ सिद्धिदात्री की उपासना की जाती है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 283 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group






**फास्ट न्यूज**

## नेपाल में भूकंप से 20 घर पूरी तरह ध्वस्त

**काठमांडू:** नेपाल में रविवार सुबह से लगातार आ रहे भूकंप के झटकों से 20 घर पूरी तरह से टूट गए हैं, जबकि 75 से अधिक घरों को आंशिक नुकसान पहुंचने की जानकारी मिली है। भूकंप के केंद्र बिंदु रहे धादिंग जिला प्रशासन के हवाले से गृह मंत्रालय ने बताया कि सुबह से चार बार आए भूकंप के झटकों से जिले के ज्वालामुखी गांवपालिका में 20 कच्चे घर पूरी तरह से टूट गए हैं। वार्ड नंबर 5 के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद काप्री ने बताया कि उनके वार्ड में 75 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। धादिंग पुलिस के प्रवक्ता सन्तुलाल जयसवाल ने बताया कि भूकंप से नुकसान का पूर्ण विवरण अभी भी नहीं मिल पाया है। दूरदराज और दुर्गम क्षेत्र से नुकसान का विवरण संकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भूकम्प के कारण कच्चे घरों को ही नुकसान हुआ है।

## निज्जर हत्याकांड पर भारत का रुख अडिग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खालिस्तान** समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड के मामले में पश्चिमी देश भारत पर दबाव बनाने की रणनीति अख्तियार कर चुके हैं। अमेरिका और ब्रिटेन ने भारत में कनाडाई राजनयिकों को हटाने संबंधी फैसले पर ना सिर्फ चिंता जताई है बल्कि यह भी कहा है कि भारत को विएना समझौते का पालन करना चाहिए। दूसरी तरफ, भारत अपने रुख पर अडिग है।

**नहीं सुलझ रहा भारत-कनाडा विवाद:** भारत का कहना है कि उसने विएना समझौते के तहत ही दोनों देशों के बीच राजनयिकों की संख्या में तालमेल स्थापित करने के लिए कनाडाई राजनयिकों को हटाने का फैसला किया है। पहले भी यह कहा जा चुका है कि कनाडा के राजनयिक भारत के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करते हैं, जो स्वीकार नहीं। विवाद सुलझाने के लिए भारत और कनाडा के बीच चल रहे कूटनीतिक विमर्श का भी कोई नतीजा निकलता नहीं दिख रहा है।

# गाजा में इजराइल ने की भारी बमबारी

= इजराइल का वेस्ट बैंक पर हवाई हमला, मस्जिद में छुपे आतंकवादियों को बनाया निशाना

**आक्रामक**

8 हमास का साथ दे रहा आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह भी लगातार आक्रामक रुख अपना रहा है



**यरुशलम/तेल अवीव/बेरूत**
**इजराइल** ने हमास के छेड़े गए युद्ध के 16वें दिन (रविवार) तड़के वेस्ट बैंक में हवाई हमला कर जेनिन क्षेत्र में स्थित अल-अंसार मस्जिद पर बम बरसाए। इस मस्जिद में बड़ी संख्या में आतंकवादी छुपे थे। इन हमलों से प्रशासनिक राजधानी रामल्ला दहल गई। इस लड़ाई में हमास का साथ दे रहा आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह भी लगातार आक्रामक रुख अपना रहा है। हिजबुल्लाह ने इजराइल को धमकी दी है। उसने कहा है कि इजराइल ने हमास के खिलाफ जमीनी लड़ाई छेड़ी तो उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। उधर, इसकी परवाह न करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिर गाजा को जीतने तक जंग का संकल्प दुहराया है। इस लड़ाई में हमास को पस्त कर रही इजराइल की सेना ने रातभर गाजा में कई स्थानों पर भारी बमबारी की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। इजराइली सुरक्षा बलों ने कहा है कि अल-अंसार मस्जिद का प्रयोग हमास कमांड सेंटर के रूप में कर रहा था। यहां आतंकवादियों को इस्लामिक जिहाद की कसम खिलाई जाती थी। उसे यह खुफिया इनपुट शनिवार को मिला था। इसके बाद यहां हवाई हमला करने की रणनीति तय की गई। इजराइल की सेना का दावा है कि उसके हमले में हमास को भारी क्षति हुई है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया को संकेत दिया है कि हवाई और अपेक्षित जमीनी हमले में कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। इस सबके बीच इजराइल के लड़ाकू विमान दुश्मन के ठिकानों पर कहर बरपा रहे हैं। समूची गाजा पट्टी में चुन-चुन कर हमास के आतंकी ठिकानों को माटी में मिलाया जा रहा है। बहुमंजिला इमारतों में संचालित हमास के कमांड सेंटर्स और युद्धक केंद्रों पर लगातार रॉकेट और मिसाइलें कहर बरपा रही हैं। फिलिस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों का कहना है कि इजराइली विमानों के हमले में कम से कम 50 नागरिक मारे गए हैं। इजराइल के हमास पर जारी ताबड़तोड़ हमले से लेबनान का आतंकी समूह हिजबुल्लाह बौखला गया है।

### भारत ने फिलिस्तानी नागरिकों के लिए भेजी राहत सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** ने इजरायल-हमास संघर्ष के बीच फंसे फिलिस्तीन नागरिकों के लिए मानवीय सहायता भेजी है। भारतीय वायुसेना का सी-17 परिवहन विमान रविवार को गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से 32 टन राहत सामग्री और 6.5 टन चिकित्सा सहायता लेकर मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। आईएएफ का सी-17 परिवहन विमान आज सुबह गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ है। सामग्री में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता सुविधाएं, जल शुद्धिकरण टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। हमास के हमले के बाद से इजरायल की प्रतिक्रिया के चलते गाजा पट्टी में रह रहे फिलिस्तीनी नागरिक वर्तमान में मानवीय संकट से गुजर रहे हैं।

## तेलंगाना: भाजपा की 52 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी



**राज को टिकट**

8 4 में से 3 सांसदों को टिकट; पैगंबर मोहम्मद पर बोलने वाले राजा भी चुनाव लड़ेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/हैदराबाद**
**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 52 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने राज्य में अपने 4 में से 3 सांसदों को टिकट दिया है। इसके अलावा राज्य में भाजपा के इकलौते विधायक टी राजा सिंह को भी टिकट मिला है। टी राजा को अगस्त 2022 में सस्पेंड किया गया था। भाजपा ने लिस्ट जारी करने से थोड़ी देर पहले उनका निलंबन रद्द कर दिया। तेलंगाना की 119 सीटों पर 30 नवंबर को चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने 9 अक्टूबर को तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में मतदान के तारीख की घोषणा की थी। पांचों राज्यों में 3 दिसंबर को चुनाव के नतीजे आएंगे।

### गौशमहल से चुनाव लड़ेंगे इकलौते विधायक टी राजा

**भाजपा** ने राज्य के फायर ब्रांड हिन्दूवादी नेता टी राजा सिंह को गौशमहल से प्रत्याशी बनाया है। वे अभी इसी सीट से विधायक हैं। पिछले साल टी राजा पर धार्मिक भवनाओं को भड़काने का आरोप लगा था। उन्होंने पैगंबर मोहम्मद को लेकर अपमानजनक कमेंट किया था। उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। इसके बाद वह पार्टी से सस्पेंड कर दिए गए थे। अब आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने उनकी सदस्यता बहाल कर दी है। तेलंगाना में 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ एक सीट मिली थी। कांग्रेस के खाते में 19 सीटें आई थीं।

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष बने मंगत राम सिंघल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने जबसे अध्यक्ष पद की जिम्मेदीरी संभाली है, तबसे कांग्रेस में नए-नए पदों पर लोगों को जिम्मेदारियां सौंप रहे हैं।

इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेत व पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। मंगत राम सिंघल को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर मंगत राम सिंघल ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर मैं खड़ा उतरूंगा और पार्टी को आगे ले जाने में कार्यकर्ताओं संग कंधे से कंधा मिलाकर दिल्ली वासियों की समस्याओं को उठाउंगा।

## महुआ विवाद से टीएमसी ने बनाई दूरी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**तृणमूल** कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े विवाद पर कोई बात करने से पार्टी ने इनकार कर दिया है। महुआ पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने संसद में अडाणी ग्रुप से जुड़े सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से पैसे लिए। इन आरोपों को लेकर टीएमसी के पश्चिम बंगाल के जनरल सेक्रेटरी और प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है। हमें लगता है कि जो इंसान इस विवाद में घिरा है, वही इस पर बात करने के लिए सबसे सही व्यक्ति है। एक अन्य टीएमसी नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पार्टी लीडरशिप किसी भी तरह की कॉन्ट्रोवर्सी में नहीं पड़ना चाहती है, इसलिए पार्टी इस मामले से दूरी बनाकर चलेगी।



**भाजपा बोली- टीएमसी साफ करे, महुआ के साथ हैं या नहीं:** तृणमूल पार्टी के ऐसे बयान को लेकर भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ऐसे अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती है। उन्होंने कहा कि जब भी टीएमसी नेता गिरफ्तार होते हैं या किसी विवाद में घिरते हैं तो पार्टी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेती है। पार्टी को ये बताना होगा कि वह महुआ मोइत्रा को सपोर्ट करती है या नहीं।

**पल्ला झाड़ा**

8 हमें लगता है कि जो इंसान इस विवाद में घिरा है, वही इस पर बात करने के लिए सबसे सही व्यक्ति है

**निशिकांत ने लोकपाल से महुआ की शिकायत की:** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ पर एक और गंभीर आरोप लगाया। निशिकांत ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा- कुछ पैसे के लिए एक सांसद ने देश की सुरक्षा को गिरवी रख दिया। मैंने इसे लेकर लोकपाल से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि दुबई से संसद की क्कखोली गई, जबकि उस वक्त वो कथित सांसद भारत में ही थीं।

## अल्पसंख्यकों से जुड़ने के लिए बीजेपी खोलेगी मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यक समुदायों तक पहुंचने के लिए भारतीय जनता पार्टी देश भर में 'सद्भावना यात्रा' शुरू करने की तैयारी में है। इस यात्रा का लक्ष्य भारत के 543 मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्रों से जुड़ना है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया कि इस सद्भावना यात्रा का उद्देश्य मुस्लिम, सिख, जैन और पारसी समुदाय को केंद्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराना है। बीजेपी की सद्भावना यात्रा देश के पूरे 543 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, लेकिन इसका ध्यान 65 अल्पसंख्यक बहुल इलाकों पर केंद्रित रहेगा।

**विकास कार्य** 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले किसान सुविधा केन्द्र भवन शाहपुर का शिलान्यास किया

# मुख्यमंत्री ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 76.57 करोड़ रुपये के उद्घाटन व शिलान्यास किए

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला/विजय समयाल**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को जिला कांगड़ा के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान 76 करोड़ 57 लाख रुपये के विकास कार्यों के उद्घाटन तथा शिलान्यास किए। इस दौरान उन्होंने शाहपुर में 56.56 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली मल निकासी योजना एवं संवर्द्धन पेयजल योजना नगर पंचायत शाहपुर का शिलान्यास किया। उन्होंने 13.71 करोड़ रुपये की लागत से शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए जल प्रशोधन संयंत्र का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 5 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न उठाऊ पेयजल



योजनाओं की पुरानी पम्पिंग मशीनरी के प्रतिस्थापना कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 के अंतर्गत 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले किसान सुविधा केन्द्र भवन शाहपुर का शिलान्यास किया। उन्होंने लगभग 80 लाख रुपये से निर्मित शाहपुर विश्राम गृह के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी किया। शाहपुर के दशहरा मैदान में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहपुर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में कांगड़ा में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। जिला के ढगवार में 250 करोड़ रुपए की लागत से दुग्ध संयंत्र लगाया जा रहा हैए जिससे कृषकों और पशुपालकों को उनके उत्पादों के अच्छे दाम मिलेंगे।

**शिलान्यास**

8 प्रदेश को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए दृढ़ प्रयास किए जा रहे है : सीएम

उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार और इससे होने वाले विस्थापितों के पुनर्वास के लिए सरकार ने तीन हजार करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के लिए अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। देहरा के बनखंडी में 400 करोड़ रुपये की लागत से जूलॉजिकल पार्क का निर्माण किया जाएगा। पौंग बांध क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वॉटर स्पोर्ट्स और संबद्ध गतिविधियों को शुरू किया जाएगा। प्रदेश को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए दृढ़ प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि अगले दस वर्षों में हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार सम्माननीय नेता हैं और हमेशा सही बात करते हैं। उन्होंने कहा कि शांता कुमार ने भी आपदा के दौरान प्रदेश सरकार के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत के लिए प्रदेश सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपये के नुकसान का आकलन केंद्र सरकार को भेजा है। उन्होंने कहा कि राज्य को केंद्र की ओर से अभी तक विशेष राहत पैकेज उपलब्ध नहीं करवाया गया है।

## बीआरएस जीतेगी 95-100 सीटें: के. कविता

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। सभी पार्टियों ने वोट बैंक रिझाने के लिए लोगों को चुनावी वादे भी किए हैं। इसी बीच, बीआरएस एमएलसी के कविता ने विश्वास जताया है कि इस बार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी 95 से 100 सीटें जीतेगी। मालूम हो कि राज्य में 119 सीटों पर मतदान किया जाएगा।

**तेलंगाना सबसे कम भ्रष्ट राज्य:** उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के सर्वेक्षण के अनुसार, तेलंगाना देश का सबसे कम भ्रष्ट राज्य है। कविता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस टिप्पणी का खंडन किया कि बीआरएस भाजपा की बी-टीम है। कविता ने जानना चाहा कि राहुल की मां सोनिया गांधी समेत सबसे पुरानी पार्टी के कई नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मामलों पर भगवा पार्टी



अचानक "चुप" क्यों हो गई?

**95 से 100 सीटें जीतने का लक्ष्य:** उन्होंने कहा, "मैं पूरी तरह सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त हूं, क्योंकि तेलंगाना के लोग हमेशा हमारे साथ हैं और हम हमेशा उनके साथ हैं। हमने व्यावहारिक रूप से कई ऐसे काम किए हैं, जो इस देश के किसी भी राज्य ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा। 95 से 100 सीटें का हमारा लक्ष्य है। हम निश्चित रूप से उस संख्या के बहुत करीब पहुंचेंगे। हम सत्ता में वापस आ रहे हैं।"

**दावा**

8 कविता ने विश्वास जताया है कि इस बार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी 95 से 100 सीटें जीतेगी

**राहुल गांधी द्वारा लगाए आरोपों का किया खंडन:** राहुल गांधी द्वारा मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की सरकार पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों का खंडन करते हुए कविता ने कहा कि गांधी परिवार को किसी भी राज्य में प्रचार के लिए आने से पहले वास्तव में अपना होमवर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा, "दुर्भाग्य से, राहुल गांधी एक नेता नहीं हैं। उन्हें जो भी स्क्रिप्ट सौंपी जाती है, वह उसे पढ़ देते हैं। आधिकारिक तौर पर, केंद्र सरकार के सर्वेक्षण के मुताबिक, पूरे देश में सबसे कम भ्रष्ट राज्य तेलंगाना है।"

# राज्य में खेल संस्कृति का हो रहा विकास : धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में आगामी 37वें राष्ट्रीय खेल, गोवा में उत्तराखंड राज्य से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के दल को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल संस्कृति का विकास हो रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि सभी खिलाड़ी अपने मनोबल और लगन से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 37वें राष्ट्रीय खेल में राज्य की ओर से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को खेल किट/ट्रैक सूट वितरण कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। राष्ट्रीय खेलों में

**फ्लैग ऑफ**

8 मुख्यमंत्री ने 37वें राष्ट्रीय खेल, गोवा में उत्तराखंड राज्य से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के दल को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया।

खिलाड़ी अपनी कुशल खेल प्रतिभा के बल पर देवभूमि का नाम अवश्य रोशन करेंगे। उन्होंने कहा इस वर्ष खेल विधाओं एवं खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि हुई है। राज्य में खेल संस्कृति का निरंतर विकास हो रहा है। राज्य सरकार भी राज्य में खेल संस्कृति विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में प्रतिभा को बढ़ाए जाने के मकसद से खेल प्रतिभाशाली और उभरते



हुए खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रवृत्ति देने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु ह्लनई खेल नीतिह्न लाई गई है। खिलाड़ियों को जमीनी स्तर से खेल क्षेत्र में रुचि लाने हेतु 14 से 23 वर्ष तक के खिलाड़ियों को ह्लमुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजनाह्न के अंतर्गत 2000 प्रति माह छात्रवृत्ति एवं 10 हजार रुपए प्रति वर्ष संबंधित खेलों हेतु किट खरीदने के लिए दिए जा रहे हैं। ह्लमुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजनाह्न में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। साथ ही खिलाड़ियों को नियमानुसार त्वरित वित्तीय लाभ दिये जाने हेतु 'मुख्यमंत्री खेल विकास निधि' की स्थापना भी की गयी है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पिथौरागढ़ दौरे के दौरान प्रदेश के प्रत्येक खिलाड़ी का मान बढ़ाया है। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविरों में यात्रा के दौरान दुर्घटना होने पर आर्थिक सहायता की व्यवस्था की है। प्रदेश सरकार विश्वविद्यालयों में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 5 प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटे की व्यवस्था करने के लिये नियमावली बनाने जा रही है। निजी खेल क्षेत्रों के माध्यम से खेल अवस्थापना से सुविधाओं के निर्माण हेतु अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजन के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किये जाने की कार्रवाई भी की जायेगी।
खेल मंत्री रेखा आर्या ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के बीच आकर स्वयं को गौरवान्वित एवं ऊर्जावान महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा बदलते समय के साथ लोगों का खेल के प्रति नजरिया भी बदला है। उत्तराखंड खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के संकल्प अनुसार खेल के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है। प्रदेश में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही हैं।विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों में इस बार राज्य की ओर से 240 सदस्यीय टीम प्रतिभाग कर रही है, जिसमें 177 खिलाड़ियों के साथ 63 टीम ऑफिशियल्स हैं और यह टीम 25 खेल विधाओं में प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी खेल हेतु शुभकामनाएं दी।
इस दौरान कार्यक्रम में उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष निर्मान मुखर्जी, महासचिव डॉ. डी.के सिंह, निदेशक खेल जितेंद्र कुमार सोनकर, डॉ. अलकनंदा अशोक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल नैनीताल में

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार 23 अक्टूबर को नैनीताल जनपद के भ्रमण पर आ रहे हैं।
जनपद के प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी नानकमत्ता से सोमवार को दोपहर एक बजे प्रस्थान कर 1.20 बजे नैनीताल के कैलाखान हेलीपैड पहुचेंगे और यहां से 1.25 बजे नगर के मल्लीताल स्थित बलरामपुर हाउस होटल और यहां से अपराह्न 2.40 बजे राज्य अतिथि गृह नैनीताल क्लब नैनीताल आयेंगे। धामी का आगे अपराह्न 4 बजे कुमाऊं मंडल में गतिमान विकास कार्यों एवं सड़कों की समीक्षा बैठक लेंगे।

## हत्या के प्रयास में वांछित 03 आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चालान**

8 फरार आरोपितों की पुलिस तलाश में जुटी है। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया है।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर में घुसकर मारपीट, गाली गालौज व जान से मारने की धमकी देने के फरार तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपितों की पुलिस तलाश में जुटी है। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया है।
पुलिस ने आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन



किया, लेकिन आरोपित पुलिस गिरफ्त से बचते रहे। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 307 व 325 की बढ़ोतरी की। पुलिस ने आज ग्राम खाताखेड़ी में दबिश देकर आरोपित ललित , तेजपाल और धर्मेन्द्र उर्फ मिन्दर निवासीगण ग्राम खाताखेड़ी झबरेड़ा हरिद्वार ग्राम खाताखेड़ी से गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपितों की पुलिस तलाश में जुटी है। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया है।
बीती 01 अगस्त को सुखवीर पुत्र तुलसी निवासी ग्राम खाता खेड़ी थाना झबरेड़ा हरिद्वार ने पुलिस को तहरीर देकर ललित , तेजपाल, मिन्दर , सोनू , मोनू , पंकज निवासीगण खाताखेड़ी झबरेड़ा हरिद्वार के खिलाफ हथियारों सहित घर में अंदर घुसकर उसके भाई व परिवार के सदस्यों के साथ मारपीटा, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

**संक्षिप्त खबरें**

## दुर्गाष्टमी पर घर-घर हुआ कन्याओं का पूजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थनगरी में दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। अष्टमी का पूजन करने वालों ने आज नवरात्र का परायण कर कन्या पूजन किया तथा सुख-समृद्धि की कामना की। अष्टमी पर देवी मंदिरों में भी भारी भीड़ रही। कन्या पूजन के लिए कन्याओं की दिन भर भागम भाग मची रही। नवमी पर कन्या पूजन करने वाले कल नवरात्र का परायण कर उपवास समाप्त करेंगे।
शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर आज अष्टमी मनाने वालों ने कन्या पूजन कर व्रत का परायण किया। कन्या पूजन कर लोगों ने उनका आशीर्वाद लिया तथा सुख-समृद्धि की कामना की। लोगों ने कन्याओं को भोजन, वस्त्र दक्षिणा आदि देकर उनका पूजन किया और उनका आशीर्वाद लिया। कन्या पूजन के लिए दिन भर कन्याओं की भागम भाग देखने को मिली।
वहीं देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रातः देवी मंदिरों में विशेष आरती व श्रृंगार किया गया। लोगों ने मंदिरों में जाकर मां के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और सुख-समृद्धि की कामना की। तीर्थनगरी हरिद्वार की अधिष्ठात्री कही जाने वाली मां माया देवी, चण्डी देवी, मंशा देवी, सुरेश्वरी देवी, काली मंदिर, दक्षिण काली मंदिर, शीतला माता मंदिर, महिषासुर मर्दिनी समेत तमाम देवी मंदिरों में उत्सव का माहौल रहा तथा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। नवमी पर कन्या पूजन कर व्रत का परायण करने वाले सोमवार को कन्या पूजन करेंगे। तीर्थनगरी के आश्रम, अखाड़ों व मंदिरों में भी सोमवार को ही नवरात्र साधना का परायण व कन्या पूजन किया जाएगा।

## डुंडा पुलिस ने प्रतिबंधित लाखों की कांजल-काठ के साथ दो तस्करों को दबोचा

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**



डुंडा पुलिस ने बीती रात्रि चेकिंग के दौरान एक वाहन से 308 नग कांजल की लकड़ी बरामद कर दो तस्करों को दबोचा। इसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये बतायी जा रही है।
शनिवार रात्रि को चौकी प्रभारी डुण्डा तस्लीम आरिफ के नेतृत्व में डुण्डा बैरियर पर संदिग्ध एवं नशा तस्करों की रेगुलर चेकिंग की जा रही थीं। चेकिंग के दौरान एक इनोवा कार संख्या वड08फ-9507 को रोककर चेक किया गया तो वाहन से 308 नग कांजल की लकड़ी बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। प्रतिबंधित कांजल-काठ की लकड़ी को वाहन सवार दो लोग ले जा रहे थे।
पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह इसे कामर गांव के ऊपर जंगलों से काटकर लाये थे, जिसे वह बेचने के लिए सहारनपुर ले जा रहे थे।
पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिबंधित कांजल की लकड़ी के साथ वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।
इधर पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया गया कि कांजल की लकड़ी उच्च हिमालय के आरक्षित वन क्षेत्र में पाई जाती है। कांजल की लकड़ी औषधीय दृष्टिकोण से सर्वोत्तम मानी जाती है। यह एक प्रतिबंधित वन सम्पदा है। इसकी तस्करी कर लोग उच्च कीमतों में बेचते हैं।
उन्होंने बताया कि आपराधिक प्रवृत्ति, प्रतिबंधित वन सम्पदा एवं नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। त्योहारी सीजन एवं भीड़-भाड़ के माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल को चेकिंग के लिए लगाया गया है, जो कि दिन एवं रात्रि में लगातार गश्त एवं चेकिंग करेंगे।
पकडे.गए लोगों के नाम 38 वर्षीय साजिद पुत्र रासु राव निवासी खाताखेड़ी थाना मंडी, जनपद सहारनपुर उप्र और 50 वर्षीय पृथ्वी रावल पुत्र कोयलू रावल निवासी अचल कनाली जिला हुमला नेपाल, हाल निवास नाला पटरी घण्टाघर के पास सहारनपुर उप्र है।

## धर्म और धार्मिक स्थल संस्कार और संस्कृति के संवाहक : विज्ञानानंद

**नारी सम्मान**

8 विज्ञानानंद ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान व्यक्ति के सुख और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
धर्म और धार्मिक स्थल संस्कार एवं संस्कृति के संवाहक होते हैं, जो मानव जीवन को सार्थकता प्रदान करने के लिए सकारात्मक विचारधारा का संचार करते हैं। महापुरुषों की प्रेरणा व्यक्ति को सन्मार्ग पर चलने का आह्वान करती है, जिससे संस्कारित समाज का सृजन होता है। उक्त उद्गार श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने नवरात्र साधना में सम्मिलित भक्तों को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किये।
विष्णु गार्डन स्थित श्रीगीता विज्ञान आश्रम में आयोजित शक्ति उपासना अनुष्ठान को जीवनोपयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि 9 दिन की व्रत साधना व्यक्ति की दिनचर्या को संबल प्रदान करती है, जो साधक को ऋतु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सहन करने की शक्ति प्रदान करते हैं। देवभूमि उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश को भारतमाता की आत्मा बताते हुए उन्होंने कहा कि गंगा और यमुना के मध्य क्षेत्र के निवासी सौभाग्यशाली हैं जिनको त्रेता अवतारी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम और द्वापर अवतारी भगवान श्रीकृष्ण



के अवतरण क्षेत्र में जन्म लेने का अवसर प्राप्त हुआ। काशी और हरिद्वार की यात्रा जहां भगवान महादेव और मां गंगा के मोक्षदायिनी स्वरूप का सानिध्य प्रदान करती है वहीं हिमालय की चारधाम यात्रा करने वालों को धार्मिक पुण्य लाभ के साथ ही साधक को प्रकृति के अनुरूप अंतरशक्ति एवं मानसिक विकास को ऊर्धगामी करती है।
नवरात्र साधना की पूणाहुति पर होने वाले कन्या पूजन को संस्कार एवं संस्कृति का संवाहक बताते हुए कहा कि नारी शक्ति का सम्मान व्यक्ति के सुख और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। तीर्थ स्थल और गुरुगद्दी पर होने वाले अनुष्ठान को महान पुण्य फलदायी बताते हुए उन्होंने कहा कि दान और पुण्य की जड़ पाताल से आकाश तक महाफलदायी होती है। दान से धन पवित्र भी होता है और उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि भी होती है। इस अवसर पर देश के अनेक भागों से पधारे श्रद्धालुओं के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर घर में की आत्महत्या

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद टिहरी गढ़वाल के ग्रामलोरसी दोगी पट्टी में एक छात्र ने अपने घर में उस समय पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जब उसके परिजन खेत में काम करने गए थे।
रविवार की सुबह 8:30 बजे थाना मुनि की रेती अंतर्गत ग्राम लोरसी दोगी पट्टी निवासी निवासी 17 वर्षीय अनुज पुत्र गोविंद राम जो 11वीं का छात्र था उसने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर के सभी परिवारजन खेत में काम करने गए थे। जब गोविंद राम खेत से घर लौटे तो उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद देखा।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

**हादसा**

8 हादसे में मृत एक युवक की पहचान विवेक पुत्र जयप्रकाश (26) ग्राम बड़ेथी के रूप में हुई है

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पोखू देवता के पास देर रात अज्ञात वाहन की स्कूटी वाहन सवार दो लोगों की मौत हो गयी। रेस्क्यू टीम ने शवों को निकाल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला आपदा कंट्रोल रूम के अनुसार गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पोखू देवता के पास किसी वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इसमें



स्कूटी सवार दो लोगों की मौत हो गयी।
हादसा रात करीब साढ़े नौ बजे हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस व 108 एम्बुलेंस मौके गयी।
हादसे में मृत एक युवक की पहचान विवेक पुत्र जयप्रकाश (26) ग्राम बड़ेथी के रूप में हुई है जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पा रही है।

## अमित शाह के जन्मदिन पर मंत्री ने चलाया स्वच्छता अभियान

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यकताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री की दीघार्यु की कामना की।
रविवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय के समीप स्वच्छता अभियान चला डा. अग्रवाल ने कहा कि भारत के गृहमंत्री के रूप में वह हमारे देश की प्रगति के लिए कई प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाह महत्वपूर्ण सहकारिता क्षेत्र में सुधार के लिए भी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। डा. अग्रवाल ने कहा कि शाह भारत की आंतरिक सुरक्षा को



मजबूत करने के लिए समर्पित तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें सौंपी गई हर जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निभाते हैं। उन्होने कहा कि शाह ने कश्मीर से धारा 370 हटाने में भी अहम भूमिका निभाई है इसी के साथ एनआरसी और सीएए कानून और आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) विधेयक 2022 में भी वह अहम रहे।इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा रविंद्र राणा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता शाह, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, वरिष्ठ पार्षद शिव कुमार गौतम, वीरेंद्र रमोला, विकास तेवतिया, संजीव पाल, जयेश राणा, गोपाल सती, व्यापारी नेता अखिलेश मित्तल, अशोक पासवान, रूपेश गुप्ता, सरदार मंगा सिंह, मोर सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

## भेषज विज्ञान विभाग में धूमधाम से मनाया गया फार्मा सप्ताह

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग में मनाये जा रहे फार्मा सप्ताह का समापन हो गया।
समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि फार्मासिस्ट का स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का पहला धर्म अपने आप को स्वस्थ रखना होता है, क्योंकि अगर व्यक्ति स्वस्थ होता है तो वह अपने कर्म पथ पर सर्वोत्तम योगदान देते हुए लोक एवं विश्व कल्याण की भावना को साकार कर सकते हैं।
समापन अवसर पर उद्योग




अकादमिक अंतर सेतु विषय एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला पर जुबिलेंट आगानीसिस रुड़की के आनंद रावत ने कहा कि भेषज विज्ञान विभाग अपने छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वाई अपनी भाषा एवं तकनीकी शब्दावली पर मजबूत पकड़ बनाएं, क्योंकि इंडस्ट्री में इसकी अहम् भूमिका होती है। प्रीतम इंटरनेशनल के वाइस प्रेजिडेंट सुमित्र पाण्डेय ने कहा कि इंडस्ट्री अकादमिक अन्तर को पाटने हेतु प्रीतम इंटरनेशनल भेषज विज्ञान विभाग में एक रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब खोलेगा जिसमें छात्र नए नए कॉस्मेटिक उत्पाद विकसित करना सीखेंग।
गुरुकुल फामेर्सी के जनरल मैनेजर डा. भीम दत्त सेमवाल ने कहा कि गुरुकुल फामेर्सी 100 वर्षों से अधिक समय से विश्व भर में गुणवत्ता युक्त आयुर्वेदिक दवाओं का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी छात्र जो गुरुकुल फामेर्सी में प्रशिक्षण प्रात करना चाहता है या किसी भी प्रकार की सहायता चाहता है तो फामेर्सी उनकी जरूरत अवश्य पूरी करेगी।
विभागाध्यक्ष डा. विपिन कुमार ने कहा कि फामेर्सी सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिनमें जगजीतपुर में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। छात्रों हेतु औषधीय पादप वाटिका एवं फार्मा इंडस्ट्री का भ्रमण एवं एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि फार्मा सप्ताह का मुख्य आकर्षण विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं रही, जिनमें शतरंज, योग, टेबल टेनिस, कबड्डी, बालीबाल, क्रिकेट, एवं बैडमिंटन आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डा. प्रिंस प्रशांत शर्मा, डा. रवि प्रताप, राघव दीक्षित, ओम प्रकाश जोशी, तरुण कुमार, डा. गौरवदीप भिंडर, मनोज कुमार, रोशन लाल संजीव मिश्र, मंजीत सिंह आदि का सहयोग रहा।

## पत्नी और रईस लाकर देते थे स्मैक, पुलिस ने पति को स्मैक संग दबोचा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने स्मैक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपित फरार बताए गए हैं। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।
पुलिस का देवभूमि को नशा मुक्त करने के लिए अभियान जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर गेट के अन्दर से आज एक आरोपित को धर दबोचा। आरोपित के पास से 102 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़ी गई स्मैक की कीमत दस लाख रुपये से अधिक



बतायी गई है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित अभिषेक पुत्र राजीव सिंह निवासी ग्राम चांदपुर स्याउ चांदपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी गली नंबर ए-1 सुभाष नगर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार ने बताया कि उसको उसकी पत्नी मीनू और रईस स्मैक लाकर देते हैं, जिसे वह आगे बिक्री करता है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है, जबकि फरार आरोपितों की पुलिस तलाश में जुटी है।

# मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदा गौरा योजना और मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में 167 आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सुपरवाइजर के पद के नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने नन्दा गौरा योजना और मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ भी किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दुर्गा अष्टमी के दिन 167 आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी माताओं-बहनों को सुपरवाइजर के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समाज में अहम भूमिका है।
बच्चों के पालन पोषण में आंगनबाड़ी की अहम भूमिका है। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, मां यशोदा की तरह बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। राज्य सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके मानदेय में वृद्धि की गई है। आंगनबाड़ी पद से चयन कर सुपरवाइजर के लिए निर्धारित कुल 299 पदों के सापेक्ष 167 रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जा रही है। साथ ही समस्त आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय राज्य स्तर से सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाइन लगभग 24 करोड़ रुपये प्रति माह भुगतान किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में 23895 महिलाओं को 9.35 करोड़ की धनराशि उनके बैंक खाते में जारी की गई है। आज महालक्ष्मी किट योजना के अनुश्रवण के लिए पोर्टल के उद्घाटन से प्रति वर्ष राज्य की लगभग 50 हजार धात्री महिलाओं व नवजात शिशुओं को आवश्यक कपड़े और किट की सामग्री सुलभता से उपलब्ध होगी। साथ ही नन्दागौरा योजना के पोर्टल के उद्घाटन से प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार बालिकाओं को जन्म पर 11 हजार व कक्षा 12 उत्तीर्ण करने पर 51 हजार की धनराशि के लिए आवेदन करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।

# राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने दुर्गा अष्टमी पर किया कन्या पूजन

**शारदीय नवरात्र**

**8 राजभवन में विधिवत कन्या पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर रविवार को राजभवन में विधिवत कन्या पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।
रविवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और प्रथम महिला गुरमीत कौर ने कन्या पूजन किया।
इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व मातृ-शक्ति के सम्मान से जुड़ा है, जिसमें कन्यापूजन का विशेष महत्व होता है।



उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति का कितना बड़ा महत्व है, यह हमें दुर्गा पूजन से ज्ञात होता है। मात्रशक्ति का सम्मान और पूजन सिर्फ नवरात्रों में नहीं वरन हर दिन करने का संकल्प लेना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 28 से देहरादून के मालसी में, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर करेंगे प्रतिभाग

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में पहली बार नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मालसी देहरादून के फुटहिल गार्डन में होने वाली इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर प्रतिभाग करेंगे।
नेशनल बॉक्सर आरूण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून में पहली बार पंच बॉक्सिंग प्रतियोतिगा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त 20 बॉक्सर प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से मालसी देहरादून के फुटहिल गार्डन में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर विकास यादव, पवन कुमार, कमला रोका, नन्दनी पाला, आरूण फत्र्याल, रोहन रामेश्वर, रितेश सिहं, मौहम्मद जावेद, कुनाल राजपूत, चन्दू जी, मौ. अजहर, प्रियारंजन नायक, राकेश लोहचाब, अक्शय चहल, सतनाम सिंह, मोहित, सक्षम ठाकुर, जसकिरण सिंह, अकिलन आन्नदुराई व आरूण शर्मा प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता नेशनल बॉक्सिंग काउसिंगल के बैनर तले आयोजित की जा रही है। आरूण शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता से उत्तराखण्ड में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और बॉक्सिंग में नई प्रतिभाओं की खोज भी होगी।
झलक एरा में खूब जमी सुरों की महफिल

### लोगों ने जम कर की शॉपिंग

**देहरादून।** झलक एरा की ओर से आयोजित प्रदर्शनी आज मधुबन होटल में संपन्न हुई। जिसका उद्घाटन देहरादून के विभिन्न वूमेन क्लब्स की प्रेसिडेंट ने किया।
झलक एरा एग्जीबिशन का आयोजन आज राजपुर रोड के एक होटल में किया गया जिसका उद्घाटन देहरादून के विभिन्न क्लब्स की अध्यक्षों ने किया जिसमें मधु गुप्ता सिंधु गुप्ता रीता अग्रवाल साधना शर्मा संगीता मित्तल सीमा जैन उषा बंसल मिथलेश गोयल सोमा भटनागर एवं अन्य क्लब्स की अध्यक्ष मौजूद रहे । इस मौके पर विभिन्न स्टॉल्स लगाए गए जिसमें आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए स्टॉल लगाए थे । कपड़ों से लेकर ज्वेलरी से लेकर घर की सजावट का सामान आदि सब एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराए जा रहे थे । जानकारी देते हुए आयोजक मीनाक्षी गोयल ने कहा कि आज के दिन जब नवरात्रि चल रहे हैं और देवी मैया के दिन है तो हमारे को लगा कि हमारी मुख्य अतिथि भी महिलाएं ही होनी चाहिए । इसी को मध्य नजर रखते हुए विभिन्न क्लब्स की अध्यक्षों को बुलाकर उद्घाटन कराया गया।
इस मौके पर एक म्यूजिकल इवनिंग का आयोजन किया गया जिसने ध्वनि म्यूजिकल संस्था से शिखर कच्छल एवं ग्रुप ने पुराने बॉलीवुड गीत गाए जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए।

### डांडिया में जमकर झूमे नवाब साहब के गीतों पर लोग

**देहरादून।** लग्जुरिया फर्म्स बाय सॉलिटेयर में डांडिया की धुनों पर झूम के नाचे लोग। वहीं धूनोची से माहौल हुआ भक्तिमय।
लग्जुरिया फर्म्स बाय सॉलिटेयर में आयोजित डांडिया एवं गरबा की शुरूवात माता की आरती से हुई जिसके बाद बंगाल की झलक पूरे कार्यक्रम में देखने को मिली। कार्यक्रम में धुनोची का आयोजन किया गया था जो की मां दुर्गा की आराधना का ही एक तरीका है। महिलाओं एवं पुरुषों ने जब धुनोचि किया तो माहौल पूरा भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत दिल्ली से आए नवाब डी जे ने लोगों को गरबा की धुनों पर नाचने को मजबूर हो गए। इस मौके पर बहुत से उपहार भी दिए गए जिनमें बेस्ट एथनिक, बेस्ट गरबा आदि शामिल है। कार्यक्रम में लोगों एवं बच्चों के लिए विभिन्न खाने आदि के स्टॉल्स भी लगाए गए थे। आयोजक मीतू बंसल ने कहा की ये एक छोटी सी कोशिश है अपनी संस्कृति को आने वाली जनरेशन को देकर जाने की आज हम अपनी संस्कृति को समझेंगे तो ही हम अपने आने वाली जनरेशन को कुछ देकर जा सकेंगे भले ही हम उत्तराखंड में रहते हैं लेकिन गरबा माता रानी को खुश करने के लिए किया जाता है और हम यही एक मैसेज आने वाली जनरेशन को दे रहे हैं कि किसी भी तरीके से अपनी संस्कृति को पकड़ कर रखो और किसी भी रूप में आगे लेकर चलो।

## चोरी के वाहनों के साथ दो गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने विभिन्न स्थानों से की गई चोरी किए गए दो वाहनों के साथ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। लक्की कुंदन ने अपनी स्कूटी चोरी होने की जानकारी दी थी, जिसका अनावरण हो गया है। यह चोरी सार्थक त्यागी ने की थी। उन्हें स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया है।
इसी प्रकार लक्ष्मण चौक कोतवाली से सेनूद्दीन पुत्र नसरुद्दीन ने बुलट मोटरसाइकिल चोरी की जानकारी दी। सीसीटीवी के माध्यम से आरोपित अमित भारद्वाज को भी बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अरे रावण तू धमकी दिखाता किसे, मेरे मन का सुमेरू डिगेगा नहीं...

**रामलीला**

**8 । डीएन भट्ट व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद नदीम मून भी रामलीला देखने पहुंचे।**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
सरोवर नगरी नैनीताल में 1860 से हो रही रामलीलाओं के आयोजन की धूम मची हुई है। इसी कड़ी में नगर के सूखाताल में आदर्श रामलीला एवं जनकल्याण समिति सूखाताल के तत्वावधान में मध्य रात्रि तक आयोजित हो रही रामलीला में गोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीराम चरित मानस के अंतर्गत सुंदर कांड में आने वाले अशोक



वाटिका में सीता को रावण द्वारा डराये जाने, हनुमान के अशोक वाटिका में आने और रावण पुत्र अक्षय कुमार का वध करने के उपरांत लंका दहन की लीला का आयोजन किया गया। इसमें सीता एवं रावण का संवाद आकर्षण का केंद्र रहा। खासकर सीता का संवाद-अरे रावण तू धमकी दिखाता किसे मुझे मरने का खौफ-खतर ही नहीं नहीं, मुझे मारेगा अपनी खैर मना, तुझे होने की अपनी खबर ही नहीं, मेरे मन का सुमेरू डिगेगा नहीं... तथा व रावण का संवाद-तुझे भरोसा उन लखन राम पर, उनको रण की नींद सुला दूंगा मैं, जो कहा है मैंने वा किया है मैंने, अपना प्रण पूरा करके दिखा दूंगा मैं.. मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।
विधायक सरिता आर्य, नगर पालिका के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएन भट्ट व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद नदीम मून भी रामलीला देखने पहुंचे। संस्था के अध्यक्ष गोपाल रावत ने बताया कि केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट भी रामलीला में पहुंच रहे हैं। इस दौरान राम की भूमिका में मोहित सिंह, सीता रिद्धिमा, हनुमान मोहित लाल साह, रावण रोहित वर्मा आदि का अभिनय उल्लेखनीय रहा। यहां संगीत में हारमोनियम पर नरेश चमियाल व तबले पर नवीन बेगाना भी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। नगर के मल्लीताल में श्रीराम सेवक सभा की रामलीला में पिछले 30 वर्षों से रावण के रूप में अभिनय कर रहे कैलाश जोशी तथा सीता के बीच भी संवाद दर्शनीय रहा। यहां सभी पात्रों के अभिनय के साथ उनकी रूप सज्जा तथा ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था आयोजन की प्रभावोत्पादकता को बढ़ाने के साथ आयोजन को बड़े स्तर पर ले जा रही है।

# अवैध संबंध बने हत्या की वजह, गिरफ्तार

**हत्या**

**8 20 अक्टूबर को रानी गली निवासी महिला सुमन सैनी का शव उसके घर में बेड पर पड़ा मिला था।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित त्तरी हरिद्वार के रानीगली स्थित मकान में महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के देवर को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।
गौरतलब है कि 20 अक्टूबर को रानी गली निवासी महिला सुमन सैनी का शव उसके घर में बेड पर पड़ा मिला था। दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने इस मामले में मृतका के पुत्र अभय सैनी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने परिवार के सदस्यों से अलग-अलग पूछताछ की। पुलिस को मृतका के देवर रामकरण स्व. बलवीर सिह निवासी शिव नगर रानीगली हरिद्वार की भूमिका संदिग्ध पायी गयी। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपित ने अपनी भाभी की हत्या करने की बात कबूली। पूछताछ में आरोपित ने बताया भाभी सहित किसी अन्य महिला से अवैध सम्बन्ध होने के कारण भाभी उसका विरोध करती थी। इस कारण अक्सर दोनों के बीच झगड़ा होता था। इसी झगड़े के कारण भाभी से छुटकारा पाना चाहता था। 20 अक्टूबर को पैसों के लेनदेन व महिला साथी को लेकर दोनों की आपस में बहस हुई। जिस पर आरोपित ने अपनी भाभी का चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी और अपने बचाव के लिए चुपके से घर से बाहर निकल गया।

## अनधिकृत कब्जे से मुक्त हुई भूमि पर सरपट दौड़ेगा डबल लेन ट्रैफिक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी सोनिका ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सरकारी संपत्तियों पर अनधिकृत कब्जे को मुक्त कराए जाने के क्रम में राष्ट्रीय राजमार्गो को कब्जा कराया है।
राष्ट्रीय राजमार्ग खंड डोईवाला की संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 72 ( आईएसबीटी) के समीप कब्रिस्तान के जिम्मेदार लोगों के अनधिकृत रूप से कब्जाई गई 440 वर्ग मीटर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।
जिलाधिकारी ने बताया कि इस अनधिकृत कब्जे को हटाने से आईएसबीटी के समीप ट्रैफिक व्यवस्था को सुविधा मिल सकेगा।

# दशहरा के लिए शहर के यातायात रूट में परिवर्तन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विजयदशमी और दशहरा पर्व के अवसर पर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। रावण दहन के लिए परेड ग्राउंड के चारों ओर का क्षेत्र वाहनों के लिए पूर्ण रूप से जीरो जोन रहेगा। पार्किंग व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस ने जो व्यवस्था बनाई है इसकी जानकारी रविवार को दी गई।
विजयदशमी पर्व के लिए पार्किंग व्यवस्था के तहत आईएसबीटी, घंटाघर, धर्मपुर, दर्शनलाल चौक, दून चौक की ओर से आने वाले समस्त वाहन रेंजर्स ग्राउण्ड में पार्क होगें। इसी प्रकार सर्वे चौक की ओर से आने वाले वाहन मंगला देवी इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड में पार्क होगें, जबकि राजपुर रोड़ से आने वाले वाहन सेंट जोसेफ सुभाष रोड़ पर दीवार के किनारे वन-साईड स्ट्रीट व लार्ड वेंकटेश वेडिंग प्वाइंट के अंदर पार्क होंगे। जिन स्थानों पर अवरोधक लगाए गए हैं उनमें सर्वे चौक, मनोज क्लिनिक, बुद्धा चौक, दर्शनलाल चौक, ओरिएण्ट चौक, पैसिफिक तिराहा के नाम शामिल है जबकि पार्किंग स्थलों रेंजर ग्राउंड , मंगला देवी इंटर कॉलेज, लार्ड वेंकटेश वेडिंग प्वाइंट सुभाष रोड के नाम शामिल है।
विक्रमों का रूट परिवर्तन किया गया है। 2 नम्बर रूट (रायपुर रूट) के समस्त विक्रम सहस्त्रधारा क्रासिंग से वापस भेजे जायेगें। 3 नम्बर रूट (धर्मपुर रूट) के समस्त विक्रम तहसील चौक से दून चौक से एमकेपी चौक की ओर से भेजे जाएंगे जबकि 5 नम्बर रूट (आईएसबीटी रूट), 08 नम्बर रूट (कांवली रूट) के समस्त विक्रम रेलवे गेट से वापस भेजे जायेगें। इसी प्रकार प्रेमनगर रूट के समस्त विक्रम प्रभात कट से वापस भेजे जायेंगे तथा राजपुर रुट के विक्रम ग्लोब चौक से पेसिफिक तिराहे होते हुए बैनी बाजार से वापस राजपुर रोड पर भेजे जायेंगे।
सिटी बसों के लिये भी यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस के अनुसार आईएसबीटी से राजपुर रोड की ओर जाने वाली सिटी बसें दर्शनलाल चौक से घण्टाघर होते हुए राजपुर की ओर जाएंगी ।

# दो रेफ्रिजरेटर वाहन के लिए मंत्री जोशी ने किया अनुरोध

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को हंस फाउंडेशन की संस्थापक माता मंगला से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मंत्री ने हंस फाउंडेशन से दो रेफ्रिजरेटर वाहन के लिए अनुरोध किया।
इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किसानों की आजीविका बढ़ाने और प्रदेश में राज्य सरकार का किसानों के हित और उनके कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने माता मंगला से किसानों को फल-सब्जी के भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन के लिए दो रेफ्रिजरेटर वाहन एक गढ़वाल और एक कुमाऊं के लिए अनुरोध किया। इस पर माता मंगला ने



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को सकारात्मक भरोसा देते हुए शीघ्र ही दो रेफ्रीजरेटेड वाहन देने की बात कही। कृषि मंत्री ने माता मंगला का आभार भी व्यक्त किया। मंत्री ने कहा इन रेफ्रिजरेटर वाहन से किसानों को उनके उत्पाद खराब होने की चिंता नहीं रहेगी। यह वाहन किसानों के उत्पाद को कोल्ड स्टोरेज तथा नजदीकी मार्केट पहुंचाने में मदद करेगा।

# मेयर ऑफ दि इयर सहित उत्तराखंड गौरव के सम्मान से नवाजी गईं अनिता ममगांई

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश, महापौर अनिता ममगांई को मेयर ऑफ दि इयर सहित उत्तराखंड गौरव के सम्मान से नवाजा गया है। एक भव्य समारोह के बीच विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने ऋषिकेश मेयर को सम्मानित किया।
रविवार को कोटद्वार में आयोजित राजनीति और ब्यूरोक्रेसी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने वाली



हस्तियों को सम्मानित किया गया। डिस्कवर उत्तराखंड न्यूज 24 के बैनर तले आयोजित विशिष्ट सम्मान समारोह के अवसर पर मेयर ऑफ दि इयर का खिताब अर्जित करने वाली अनिता ममगाईं ने कहा कि प्रदेश की नामचीन राजनीतिक हस्तियों व विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने वाले लोगों के साथ उन्हें मिला ये सम्मान भाजपा पार्टी व ऋषिकेश की महान जनता को समर्पित है। भगवान सिद्धबली महाराज की पावन भूमि कोटद्वार में मिला इस सम्मान ने उनकी जिम्मेदारियों को ओर कई गुना बड़ा दिया है। जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए ये सम्मान उन्हें सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन संस्था के तमाम सदस्यों का भी आभार जताया। इस मौके पर से.नि. ओ.पी. राणा, विधायक महंत दलीप रावत, ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र राणा, अम्बेश पंत चीफ एडिटर डिस्कवर उत्तराखंड 24 न्यूज सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लेक सिटी वेलफेयर क्लब की कुमाऊंनी व्यंजन प्रतियोगिता 31 अक्टूबर को

**आयोजन**

**8 लेक सिटी नैनीताल की महिलाओं के संगठन लेक सिटी वेलफेयर क्लब के द्वारा आयोजन किये जा रहे हैं।**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
लेक सिटी नैनीताल की महिलाओं के संगठन लेक सिटी वेलफेयर क्लब के द्वारा लगातार आयोजन किये जा रहे हैं। दो दिन पूर्व डांडिया नाइट के बाद अब संस्था के द्वारा आगामी 31 अक्टूबर को कुमाऊनी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
आयोजन के लिये दीपा पांडे को संयोजक एवं सीमा सेठ, लीला राज व कंचन जोशी को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। आयोजन हेतु क्लब की अध्यक्ष मीनू बुधलाकोटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक के बाद संयोजक दीपा पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता तीन चरणों में व मीठा, नमकीन तथा नॉन वेज के तीन वर्गों में आयोजित की जायेगी। कुमाऊं के लोक पर्व और रोज बनने वाले व्यंजनों के जरिये आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से रूबरू कराने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
क्लब की सचिव रमा भट्ट ने कहा कि दिन में 12 से गोवर्धन हाल में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री अजय भट्ट होंगे।
इस अवसर पर क्लब की हेमा भट्ट, रानी साह, जीवंती भट्ट, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, तन्नू सिंह, सविता कुलौरा, सोनू साह, कविता त्रिपाठी, मंजू बिष्ट, ज्योति ढौंढियाल व विनीता पांडे आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# अंधविश्वास की गहरी जड़े

**आश्चर्य** की बात है कि आज के प्रगतिशील वैज्ञानिक युग में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से शिक्षित जनमानस भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अंधभक्त या अनुयाई हो गया है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90% शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं। अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है' यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है' यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है' शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है' उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है' शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए' बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है।

# राजस्थान में आखिर पायलट कब बनेंगे मुख्यमंत्री ?

सुनील कुमार महला

"गहलोत की कोशिश है कि टिकट ऐसे बंटे कि उनके समर्थक विधायक ही सबसे ज्यादा जीतें तथा पूरा चुनाव सरकारी लाभकारी योजनाओं के बूते पर लड़ा जाए, ताकि सरकार फिर से कांग्रेस की ही बने। वैसे भी राजस्थान की राजनीतिक तस्वीर में फिलहाल हर तरफ गहलोत ही दिख रहे हैं और ऐसे में अगर कांग्रेस की सरकार फिर आई, तो गहलोत ही फिर से मुख्यमंत्री होंगे, यह बहुत आसान लग रहा है। उधर वसुंधरा राजे को भाजपा में दरकिनार करने का जो नुकसान होगा, उसका लाभ केवल गहलोत को ही मिल सकता है।"

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। सचिन पायलट, अशोक गहलोत के नामों का ऐलान कर दिया गया है। राज्य कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर घमासान देखा जा रहा है । गहलोत और पायलट के बीच पुरानी राइवलरी है। पायलट के छह वर्ष तक प्रदेश अध्यक्ष बने रहने के दौरान उन्होंने प्रदेश में अपना एक अलग गुट खड़ा कर लिया है। इस गुट के माध्यम से व लगातार गहलोत को चुनौती देते रहे है, लेकिन पार्टी के भीतर ही रहकर। उसके बाद उन्होंने पूरी तरह से बगावत कर दी और खुलकर गहलोत को चुनौती देते रहे है। यह राइवलरी उन्हें अपने पिता के जमाने से मिली है । इससे पहले गहलोत और सीनियर पायलट यानि सचिन के पिता राजेश पायलट के बीच में भी हमेशा छतीस का आंकड़ा ही रहा। सीनियर पायलट ने उस दौर के युवा गहलोत के बजाय उस समय प्रदेश की राजनीति में अपना वर्चस्व रखने वाले वरिष्ठ नेताओं का साथ दिया। उन्होंने गहलोत को कभी नहीं गांठा। दो दशक में हालात बदल चुके है अब गहलोत पार्टी के वरिष्ठ नेता बन चुके है तो जूनियर पायलट भी एक युवा नेता के रूप में अपनी अलग छवि बना चुके है। हाल के कुछ वर्षों में उन्होंने पूरी तरह से बगावत कर दी है और खुलकर गहलोत को चुनौती देते रहे है। परन्तु अशोक गहलोत के जादू की काफी समय से चर्चा हर ओर होती आ रही है। वह कहते तो हैं कि सचिन पायलट और उनमें बहुत प्रेम है, लेकिन फिर जो फैसले लेते हैं, उससे काफी कुछ सामने आ जाता है। साल 2018 के चुनाव में सचिन पायलट पार्टी प्रदेश अध्यक्ष थे। ऐसे में सभी को लग रहा था कि मुख्यमंत्री वही बनेंगे लेकिन अशोक गहलोत का जादू चला और वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ गए । वहीं, जब कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जा रहा था तो भी अशोक गहलोत का नाम आगे चल रहा था, लेकिन वह राजस्थान मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ना नहीं चाहते थे। ऐसे में उन्होंने पार्टी आलाकमान पर जादू चलाया और अध्यक्ष का पद बड़े सलीके से ठुकरा दिया। वहीं, सचिन पायलट को भी कभी मुख्यमंत्री दावेदार के आगे नहीं बढ़ने दिया।

हद तो तब हो गई जब राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के पहले बड़े ही नाजुक मोड़ पर अशोक गहलोत ने बड़ा दांव खेला है। उन्होंने कहा है कि वे तो मुख्यमंत्री की कुर्सी



छोड़ना चाहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी उन्हें नहीं छोड़ना चाहती। शायद आगे भी नहीं छोड़ेगी, तो वे भी क्या करें ...! तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके गहलोत के इस बयान के सियासी मायने बहुत बड़े माने जा रहा हैं। गहलोत ने यह बयान उस वक्त दिया है, जब राजस्थान की एक भी सीट पर उम्मीदवारी घोषित नहीं हुई थी और टिकट फाइनल करने के लिए पांच दिन से मशक्कत चल रही थी । खास बात यह है कि गहलोत ने यह बयान नई दिल्ली में दिया है, जहां पर राजस्थान की राजनीति की धुरी अब आलाकमान बना हुआ है और कहा जा रहा है कि आलाकमान सचिन पायलट के समर्थन में कुछ सीटें फाइनल करना चाहता था । गहलोत के इस बयान के बाद पायलट सहित कांग्रेस में कई चेहरे सन्न हो गए । कोई चाहे उन्हें पद लोलुप कहे, लेकिन तस्वीर के तेवर यही हैं कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपना परचम फहरा चुके हैं और संदेश भी साफ साफ दे दिया है कि फिर सरकार आई, तो मुख्यमंत्री वे ही बनेंगे। राजस्थान की राजनीति में इस बयान के बाद बड़ी हलचल है। गहलोत की ओर से तो अब यह सवाल ही नहीं रह गया है कि कांग्रेस की सरकार आई, तो अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। राजस्थान कांग्रेस में निर्विवाद रूप से केवल दो ही नेता हैं, अशोक गहलोत और सचिन पायलट। पायलट खेमे में माना जा रहा है कि भले ही गहलोत ने कह दिया हो, लेकिन कांग्रेस की सरकार आई, तो आलाकमान ही मुख्यमंत्री बनाएगा, ऐसे में पायलट का नंबर लग सकता है। लेकिन बहुमत के आधार पर तो मुख्यमंत्री गहलोत ही होंगे, क्योंकि निश्चित तौर पर विधायक भी उन्हीं के ज्यादा होंगे, आखिर टिकट वे अपने लोगों को ही ज्यादा दिलवाने वाले हैं। फिर इस बार पूरा चुनाव ही वे अपने कंधों पर ढोए हुए जीत के रास्ते पर अग्रसर हैं। जहां तक पायलट की बात है तो इस चुनाव में कुछ कर ही नहीं रहे हैं, न उन पर कोई जिम्मेदारी है और न ही वे कोई जिम्मेदारी ले रहे हैं। उनके बारे में ऐसी धारणा बन रही है कि वे केवल मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, बस, और कुछ भी नहीं। मगर मेहनत कहीं नहीं दिख रही। ऐसे में सरकार के आने पर भले ही कहा जाए कि आलाकमान जिसे चाहेगा, मुख्यमंत्री भी वही होगा, लेकिन सच यही है कि गहलोत जिसे चाहेंगे, मुख्यमंत्री वही बनेगा, और गहलोत ने तो ऐलान कर ही दिया है कि कुर्सी उन्हें नहीं छोड़ना चाहती। राजस्थान में 156 सीटों के साथ फिर से सत्ता में आने की घोषणा मुख्यमंत्री गहलोत ने बहुत पहले ही कर दी थी, लेकिन असल में गहलोत की कोशिश है कि हर हाल में सीटें 100 के आसपास निकल जाएं, बाकी निर्दलीयों और छोटी पार्टियों के साथ जुगाड़ बनाकर सरकार बना लेंगे। और जुगाड़ में तो गहलोत माहिर हैं ही, जो कि पायलट के बस की बात नहीं है, यह सभी जानते हैं। उधर, भाजपा अपनी ताकत लगा रही है कि हर हाल में वसुंधरा राजे के बिना सत्ता में आ जाए, लेकिन वसुंधरा के बिना भाजपा की नैया इतनी आसानी से पार लगती नहीं दिखती। राजे को कमान नहीं मिली है, तो फिर नाराजगी के इस दावानल में भाजपा में अंतर्कलह के नुकसान की वजह से गहलोत को मुख्यमंत्री बनने से रोकना भी भाजपा के लिए कोई आसान खेल नहीं होगा। अपने तीसरे कार्यकाल में गहलोत ने पूरे राजस्थान में जबरदस्त योजनाएं लाकर लाभकारी कार्यक्रम के जरिये लोगों के दिलों में जगह बना ली है और इसी वजह से राजस्थान में बड़ी तादाद में लोग गहलोत को ही फिर मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं। एक बहुत बड़ा तबका सरकार से खुश हैं। इसी वजह से माना जा रहा है कि कांग्रेस की सरकार आई, तो अगले मुख?मंत्री फिर गहलोत ही होंगे। राजस्थान की राजनीति में ज्यादातर लोग मान रहे हैं कि कांग्रेस में आज की स्थिति में सबसे प्रबल दावेदार तो केवल अशोक गहलोत ही हैं, और वे ही अगले मुख्यमंत्री भी होंगे। बहुत संभव है कि आलाकमान को संदेश देने के लिए भी गहलोत ने नई दिल्ली में यह ऐलान किया हो। दरअसल कांग्रेस में लगातार पांच साल तक अपनी ही पार्टी की सरकार का विरोध करने के बाद सचिन पायलट अब शांत हैं, तथा केवल बयान दे रहे हैं कि अगली सरकार फिर से कांग्रेस की आएगी। हालांकि सरकार लाने में उनकी मेहनत कहीं नहीं दिख रही। फिर भी ऐसा कहने के पीछे उनकी मंशा ये है कि लोगों को लगे कि आलाकमान की ताकत अभी भी उनके साथ है और वे बहुमत आने पर मुख?मंत्री बन जाएंगे। लेकिन विधानसभा के टिकट फाइनल होने से पहले ही गहलोत ने नई दिल्ली में बैठकर आलाकमान की नाक के नीचे ही कुर्सी उन्हें नहीं छोड़ती का ऐलान करके अपनी मंशा साफ कर दी है। गहलोत को राजनीति में जादूगर कहा जाता है। गहलोत ने इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में याद दिलाया कि मानेसर की बगावत के वक्त भी भाजपा उनकी सरकार नहीं गिरा पाई, तो इसमें सीधे सीधे पायलट पर वार भी है क्योंकि उस बगावत के पीछे उनकी कोशिश थी कि कैसे भी करके गहलोत सरकार गिर जाए। मानेसर जाकर सरकार गिराने वाले पायलट के समर्थकों को भी टिकट दिलाने का वादा गहलोत कर चुके हैं, तो इसी से समझा जा सकता है कि उनका निशाना कहां है। गहलोत की कोशिश है कि टिकट ऐसे बंटे कि उनके समर्थक विधायक ही सबसे ज्यादा जीतें तथा पूरा चुनाव सरकारी लाभकारी योजनाओं के बूते पर लड़ा जाए, ताकि सरकार फिर से कांग्रेस की ही बने। वैसे भी राजस्थान की राजनीतिक तस्वीर में फिलहाल हर तरफ गहलोत ही दिख रहे हैं और ऐसे में अगर कांग्रेस की सरकार फिर आई, तो गहलोत ही फिर से मुख्यमंत्री होंगे, यह बहुत आसान लग रहा है। उधर वसुंधरा राजे को भाजपा में दरकिनार करने का जो नुकसान होगा, उसका लाभ केवल गहलोत को ही मिल सकता है।

## कविता

### मैं पुतला रावण का..

मैं पुतला रावण का  
सज रहा हर साल की भांति,  
हो गया तैयार फिर से जलने के लिए..  
मानव है चालाक बहुत,  
है जानता वो भी बेहतर है कि  
मैं रहता उसके मानस में हूँ !  
अंत ना हो पाया मेरा कभी  
चालों से उसकी बखूबी मैं वाकिफ हूँ,  
खतरनाक तो फितरत है उसकी,  
मुझ से भी है भयावह वो,  
धोखा देता जो अपनों को ही,  
ठगता रचकर नित रूप नए,  
भाइयों से ही करता प्रपंच है  
जो मैंने कभी किया नहीं !  
हाँ..मयार्दा से था बंधा हुआ,  
मार्ग मेरा बेशक गलत था,  
किन्तु दिया नहीं धोखा मैंने,  
अपने बंधु बांधव को कभी!  
हिरासत में मेरी रही जो परस्त्री,  
किया बाल ना बांका उसका कभी,  
किन्तु मानव आज का हुआ चरित्रहीन,  
नजरें बुरी वो रखता और  
शील भंग के किस्सों से वो  
मशहूर हुआ जा रहा आज खूब है !  
..और जलाकर पुतला मेरे नाम का  
ताली खूब बजा रहा है !  
माना मेरा था मार्ग अधर्म का,  
किन्तु इतिहास में वीर वहीं कहलाते हैं

मुनीष भाटिया

# इण्डिया गठबंधन पर स्वार्थ हावी

**प्रेम शर्मा**

**भारत** के राजैनतिक दलों में निजी स्वार्थ की पराकष्ठा पार हो चुकी है। इसी का परिणाम है कि भारत के राजनैतिक दल जनता के बारे मे कम और अपने बारे में ज्यादा सोचते और करते है। यही एक कारण है कि लम्बे अरसे से सत्ता से दूर रहने वाले दल सत्ता पाने की आतुरता में मुद्दे विहीन राजनीति के साथ ऐसे दलों के साथ गठबंधन को तैयार हो जाते है जिनके विचारों एवं कार्या में जमीन आसमान का अन्तर होता है। लोकसभा 2024 से एक वर्ष पूर्व इण्डिया गठबंधन का यही हाल है। इस नए गठबंधन को पहली बैठक इसी वर्ष जून में हुई थी। इस गठबंधन में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आप, जनता दल युनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, जेएमएम, एनसीपी, शिवसेना ( यूटीबी),समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (कमेरावाडी),जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉफ्रेस, पीडीपी, मकापा मार्क्सवादी, सीपीआई, एमएमके, इण्डियन मुस्लिम लीग, केरल कॉग्रेस एम, केराल कांग्रेस जोसेफ, आरएसपी, आल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक, एमडीएमके, विदुथलाई चिरूथिगल काची, केएमडीके और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन जैसे दल शामिल थे। निश्चित तौर पर इन सभी दलों के काम करने का तरीका अलग है। इन दलों की मूल मंशा भी लगभग एक दूसरे के विपरीत है। इन सभी दलों के प्रमुख नेताओं की पदलोलुपता और निजी स्वार्थ अलग अलग है। ऐसे में इस गठन पर स्वार्थ भारी पड़ रहा है। इस गठबंधन शामिल सपा का कांग्रेस पर हालिया हमला कांग्रेस को धोखेबाज और एक प्रदेश अध्यक्ष को चिरकुट कहना इस बॉत का संक्रेत हैं कि गठबंधन में स्वार्थ हो चुका है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और सपा की तल्खी से भाजपा विरोधी विपक्षी गठबंधन के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा? क्या लोकसभा चुनाव तक इंडिया गठबंधन एकजुट रह पाएगा? जैसा कि गठबंधन के गठन के समय लगता था कि ये दल बहुत गर्मजोशी से एकसाथ आ जाएंगे तो जमीन पर ऐसा नहीं दिख रहा है। जिनकी अपनी सीटों पर क्षेत्रीय ताकत है, उसे वो कैसे जाने दे सकते है ं? आगे क्या होगा, यह देखना होगा, लेकिन अभी तो यह परेशानी की शुरूआत दिखाई दे रही है। सपा नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता अजय राय के बीच वादविवाद ने गठबंधनर में स्वार्थ का संकेत दे दिया है।

अगले महीने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी एकता की कवायद के परवान चढ़ने की उम्मीद जताई जा रही थी। तब किसी ने यह नहीं सोचा होगा कि इन्हीं विधानसभाओं के चुनाव में विपक्षी गठबंधन Ꮲ.छ.क.Ꮲ.। के बिखराव का बीजारोपण भी हो जाएगा। समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच मची खींचतान से अब यह बात स्पष्ट होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन बेमेल ब्याह की तरह है।

## विचार

# कन्या-पूजन नहीं बेटियों के प्रति दृष्टिकोण बदलने की जरूरत

**प्रियंका सौरभ**

**नवरात्रि** एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातें'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय नारीवादियों और आधुनिक भारतीय महिलाओं ने इस परित्यक्त देवी प्रतीकवाद पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है क्योंकि इसे पितृसत्तात्मक उत्पीड़न के एक सक्रिय उपकरण के रूप में भी इस्तेमाल किया गया है। अन्य संस्कृतियों और पौराणिक कथाओं में भी कुछ सबसे प्रमुख देवी माताएँ रही हैं और आदर्श मातृत्व के जीवन के प्रतीक हैं - उदाहरण के लिए, मिस्त्र के आइसिस, ग्रीक डेमेटर या कैथोलिक धर्म में, मैरी ?यीशु की माँ के रूप में। लेकिन किसी अन्य संस्कृति में छोटी लड़कियों को देवी के रूप में नहीं पूजा जाता जैसा कि भारत में किया जाता है। कई पश्चिमी नारीवादी और विश्व स्तर पर बहुत सारी महिलाएं हिंदू देवी-देवताओं को प्रेरणादायक और आंतरिक शक्ति प्रदान करने वाली मानती हैं। नवरात्रों में भारत में कन्याओं को देवी तुल्य मानकर पूजा जाता है। पर कुछ लोग नवरात्रि के बाद यह सब भूल जाते हैं। कई जगह कन्याओं का शोषण होता है और उनका अपमान किया जाता है। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन जिन छोटी-छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों की पूजा की जाती है, उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार और भेदभाव किया जाता है। ऐसे कई देवी मंदिर हैं जहां रजस्वला महिलाओं या कथित निचली जाति की महिलाओं को प्रवेश करने की भी मनाही है, देवी के बहुत सारे पूजा स्थल हैं जहां केवल पुरुषों को आंतरिक गर्भगृह में जाने की अनुमति है और महिलाओं को नहीं। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन कंजक या कन्या के रूप में पूजी जाने वाली छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों को अक्सर बाकी दिनों के लिए लड़कियों के रूप में जन्म लेने के लिए गाली दी जाती है, उनके साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें 'अपवित्र' माना जाता है। मासिक धर्म शुरू होने के बाद उनकी पूजा की जानी चाहिए। आज भी भारत में बहूत सारे गांवों में कन्या के जन्म पर दुःख मनाया जाता है। कन्याओं और महिलाओं के प्रति हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। देवी तुल्य कन्याओं का सम्मान करें। इनका आदर करना ईश्वर की पूजा करने जितना ही पुण्य प्राप्त होता है। शास्त्रों में भी लिखा है कि जिस घर में स्त्रियों का सम्मान किया जाता है वहां भगवान खुद वास करते हैं। बदलते दौर में देवी की समकालीन समझ की आवश्यकता है, यह देवी की अवधारणा में विविधता लाने का समय है। कुछ साल पहले, टैप रूट इंडिया ने एक अभियान विकसित किया जिसमें तीन मुख्य हिंदू देवियों - दुर्गा, सरस्वती, और लक्ष्मी की छवियों को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उनके चेहरे पर चोट और चोट के निशान थे जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा का संकेत देते थे। अब समय आ गया है, हो सकता है कि देवी से संबंधित इन सभी प्रतीकों को वर्तमान वातावरण के अनुरूप फिर से कल्पना करने की आवश्यकता हो और छाती ठोकने वाली "जय माता दी, माता की जय" की देवी पूजा को यदि प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है तो इसका लड़कियों और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अधिक सम्मान करने की आवश्यकता है। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? केवल पुलिस के डंडों से नैतिकता नहीं संवरती, उसके लिए नैतिक प्रयास भी करने होंगे। इसके साथ ही आरक्षण द्वारा कुछ महिलाओं को पंचायत, निगमों या भविष्य में संसद या विधानसभाओं में भेजने पर भी महिलाएं तब तक सशक्त नहीं हो सकतीं, जब तक समाज में स्वस्थ वातावरण नहीं होगा। बहुत से घरों में लड़कियों को वह स्थान और सम्मान नहीं जो परिवार के बेटों को है।

हमारे समाज के कुछ प्रमुख व्यक्ति और राजनीतिक नेता भी केवल कागजी भाषण देने में तो शेर है, पर घर के अंदर प्रवेश करते ही या भूल जाते हैं कि बाहर महिला अधिकार के लिए क्या-क्या भाषण देकर आए हैं?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आसुरी प्रवृत्तियों के अंत बिना रावण दहन असंभव है

**डा मनमोहन प्रकाश**

**हम** सभी जानते हैं कि लंकापति रावण तेजस्वी ,प्रकांड विद्वान, ज्योतिषी, तपस्वी, पराक्रमी, बलशाली,कुशल राजनीतिज्ञ,साहसी योद्धा,परम शिव भक्त राक्षसराज था। उसने रावण संहिता,दश शतकात्मक अर्कप्रकाश,दश पटलात्मक, कुमारतंत्र,नाड़ी परीक्षा, उड्डीश जैसे कई ग्रंथों की रचना की। कठोर तप के द्वारा उसने कई दिव्य अस्त्र-शस्त्र को ईश्वरीय वरदान के रूप में प्राप्त किया, साथ ही कई सिद्धियों को सिद्ध भी किया था। उसने नवग्रहों को बंदी बनाकर रखा था। यदि ऐसा कहा जाय कि इस पृथ्वी पर रावण जैसा बलशाली और ज्ञानी राजा न हुआ है और ना होगा तो कोई अतिशयोक्ति नहीं।

कहा जाता है जब जब मानव ने देवी देवताओं से प्राप्त शक्तियों का अमानवीय कार्यों में उपयोग आरंभ किया,उसकी शक्तियों का क्षरण होता चला गया। रावण के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ दिखाई देता है। उसकी अनैतिक चाहत ने इंद्र , वरूण , कुबेर ,यम और शनिदेव आदि देवताओं को परास्त किया। इतना ही नहीं उसने तो प्रभु श्रीराम की पत्नी सीता का हरण ही सूर्पणखा की अनैतिक वरण चाहत पूर्ण न होने के कारण किया । अनैतिक बदला भी कैसा? सूर्पणखा को दंड दिया भैया लक्ष्मण ने, और रावण ने छल से पत्नी वियोग का दंड दिया श्री राम को। रावण का दुस्साहस भी ऐसा कि उसे मालूम था तपस्वी राम भगवान विष्णु के अवतार है फिर भी उनसे दुश्मनी लेने से लेकर युद्ध करने तक का साहस किया।अंत में श्री राम द्वारा रावण सहित उसके कुल की आसुरी शक्तियों के प्रतीक परिवारजनों का वध किया और सिद्ध किया कि अधर्म हमेशा हारता है। रावण वध के बाद ऐसा लगने लगा था इस अखंड भारत से या यूं कहें संसार से बुराईयों को अंत हो जाएगा और भविष्य में रावण द्वारा दिखाये गये गलत मार्ग पर अब कोई मनुष्य चलने का साहस भी न करेगा। रावण में निहित तमाम बुराइयों की याद दिलाने के लिए भारत में प्रति वर्ष दशहरे के दिन को विजय दशमी अथार्त अच्छाई की बुराइयों पर जीत के रूप में, राक्षसी प्रवृत्तियों के अंत की खुशी में मनाया जाने लगा। इसी कड़ी मे दशहरे के दिन को अधर्म और बुराइयों के प्रतीक रावण के पुतले का सांकेतिक तौर पर दहन भी किया जाता है।

### खाऊ भैया..

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यों** तो उनकी उम्र हमेशा खाऊजीह्ल जी की रही है लेकिन लोगों के बीच कहाते सेवक ही हैं। अभी भी कहीं कहीं ऐसे आदमी को लोग खाऊजी कहने लगते हैं जो जरा सा भी डकार मार ले, भले ही वो कई दिनों का भुक्खड़ हो। खाऊगिरी से खाऊजी का कोई संबंध नहीं है। आपके हमारे जैसे आदमी उस वक्त आहत हो सकते हैं जब कोई आम आदमी भरी सभा में खाऊजी का भाटा मार दे, लेकिन खाऊजी पक्के खाऊजी हैं, उन्हें कुछ नहीं होता। दिनभर में उन्हें जितना भी खाऊजी मिलता है सब झोले में भर कर ले आते हैं। जैसे कई लज्जाहीन और ढीठ किस्म के सुबह घुमने निकलते हैं और घर घर फूल चुराते थैली भर कर लौटते हैं। कोई मना कर दे, डांट दे या जूता ही उठा कर मार दे तो भी वे बुरा नहीं मानते हैं। हां, जवाबी कार्रवाई में वे अगले दिन आधा घंटा पहले सैर पर निकलते हैं और दुगनी फूलखोरी के साथ लौटते हैं। बहरहाल, बात खाऊजी की चल रही थी। एक दिन हमने उनसे पूछा कि आपको अंदर से कैसा लगता है जब कालोनी के खाऊजी लोग भी आपको खाऊजी बोलते हैं ! वे बोले - साहस उनका है, यह सवाल आपको उनसे पूछना चाहिए। लेकिन आपकी जिज्ञासा सही है। हम भी सोच रहे हैं कि खाऊजी का मान रखने के लिए हमें कुछ करना चाहिए। चलिए देर आए दुरुस्त आए। क्या करने का विचार है ? सोचते हैं कि पेट रख लें। रोज रोज वाकिंग करने का झंझट भी मिटेगा और नहीं जानने वालों को सुविधा हो जाएगी, वे एक झटके में हमें पहुँचे हुए खाऊजी भी समझ लेंगे। क्या कहते हो ? आइडिया कैसा है ? आइडिया तो जोरदार है पर आप खाते तो हैं नहीं ! हैं तो हम खाऊजी भी नहीं, पर लोग कहते और मानते हैं। खाऊकार-टाइप दिखने लगेंगे धीरे धीरे लोग अपने आप खाऊकार समझने-कहने लगेंगे। असल बात टाइप होना है। जैसे पहले कोई साहित्यकार नहीं होता है लेकिन हरकतें साहित्यकार-टाइप करता है तो लोग उसे साहित्यकार मानने लगते हैं। टीशर्ट-जींस पहनने की उम्र में किसी को को कुर्ता-पजामा पहन कर बांह चढ़ाना पड़ती है तो किस गरज से?

# देहात में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, उन्हें सिर्फ निखारने की जरूरत: देवेंद्र

**सम्मान**

**8 ग्रैपलिंग रेसलिंग नेशनल में मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का बजाना कलां में हुआ सम्मान**





**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर एमडीयू** रोहतक में हुई ग्रैपलिंग रेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप में 3 खिलाड़ियों के पदक जीतने पर रविवार को हन्नी स्पोर्ट्स एकेडमी, बजाना कलां में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने स्वर्ण पदक विजेता सिद्धांत गुलिया, कांस्य पदक विजेता मोहन गोस्वामी व प्रणय को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पहले कादियान का गांव में पहुंचने पर एकेडमी संचालक व ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। मुख्यातिथि कादियान ने कहा कि ग्रामीण आंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सिर्फ उन्हें निखारने की जरूरत है। क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई के साथ साथ खेलों में महारत हासिल कर रहे है। उन्होंने कहा कि जो युवा खेल में भाग लेता है तथा खेल को स्पर्धा की भावना से खेलता है, वह समाज को एक नई दिशा दिखाने का काम करता है। कोच विकास पहलवान ने बताया कि किसान के बेटे सिद्धांत गुलिया पुरखास ने 85 केजी जूनियर में गोल्ड, प्राइवेट स्कूल बस चालक के बेटे मोहन गोस्वामी बजाना कलां ने 85 केजी सीनियर में कांस्य व मजदूर के बेटे प्रणय दिल्ली ने 42 केजी जूनियर में अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखा कर कांस्य पदक जीता है। तीनों खिलाड़ी हन्नी एकेडमी में अभ्यास करते है। इस अवसर पर अजित पहलवान, कोच अनिल गुलिया, जिला पार्षद सीता गुलिया, सरपंच मेहर सिंह, पूर्व सरपंच रतिराम, मा. सिंहराम, मा. बिजेंद्र, अशोक ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# एक एकड़ में बनाई गई नई सब्जी मंडी के टीन शेड की मरम्मत का कार्य पूर्ण

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** शहर की नई सब्जी मंडी में लगाई गई टीनशेड़ की कमियों को दुरूस्त कर दिया गया हैं। आगामी कार्रवाई के मार्केट कमेटी के सचिव को मुख्यालय को पत्र लिख दिया हैं। उम्मीद जताई जा रहीं है नई सब्जी में सब्जी विक्रेताओं को जगह अलाट कर दी जाएंगी। वहीं नई सब्जी में आढ़तियों के साथ-साथ मासाखोर( छोटे सब्जी विक्रता) की भी बैठने की जगह दी जाएंगी। बता दें कि शहर में पहले से ही साढे चार एकड़ में सब्जी मंडी बनी हुई है। लेकिन समय के साथ सब्जी मंडी में अब जगह कम पड़ गई है। जिसके चलते सब्जी विक्रेताओं व ग्राहकों को परेशानी उठानी पड़ रहीं है। शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित सब्जी मंडी जगह की तंगी की मार झेल रही है। पर्याप्त स्थान न होने से यह अपने उद्देश्यों को पूरा करने में असफल साबित हो रही है। वहीं सब्जी के बड़े व्यापारियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। हाल यह कि सब्जी व्यापारियों को अपने सब्जी लदे वाहनों मुख्य मार्ग पर ही खड़े कर सब्जियां उतारनी पड़ती है। इससे इधर से आने-जाने वाले लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। सब्जी मंडी शहरवासियों के लिए आफत बन गई है। यहां लग रही सब्जी मंडी की जगह बहुत कम होने के कारण यहां सब्जी लेने के लिए आने वाले शहरवासियों को हर समय होने वाली भीड़ में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई सब्जी शुरू होने के बाद शहर के लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

**न्यूज फ्लैश**

## एचएल सिटी में हुआ हवन यज्ञ के साथ भव्य शिव मंदिर का भूमिपूजन



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ।** शहर की एच एल सिटी में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नीलकंठ सेवा समिति एच एल सिटी के द्वारा शिव मंदिर का भूमिपूजन कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ किया गया। एच एल सिटी के निदेशक राकेश जून के पिता सुन्दरलाल जून ने मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख 101 रूएए दान स्वरूप संस्था को प्रदान किए। वहीं महेन्द्र खत्री पहलवान ने एक लाख 11 हजार, सतीश हुडा ने एक लाख 11 हजार , मनोज शर्मा ने एक लाख एक हजार , अशोक अहलावत और हरिओम छिल्लर ने भी 51-51 हजार की दान राशि शिव मंदिर के निर्माण के लिए दी है। शिव मंदिर के भूमि पूजन के अवसर पर विधि विधान के साथ मंदिर की नींव रखी गई। वहीं महिलाओं ने भक्ति गीत/ भजन गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। एच एल सिटी के निवासी और हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने भी भूमिपूजन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि एच एल सिटी में निवासियों के लिए हर सुख सुविधा मौजूद है। भक्तिभाव ,पूजन, आस्था और त्यौहारों के लिए मंदिर का निर्माण एच एल सिटी के निदेशकों की सहायता से शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि मंदिर से हमारी आने वाली पीढ़ी में हमारी परम्परा, सांस्कृतिक विरासत और विश्वास को बढ़ावा मिलता है जिससे व्यक्ति जीवन में नई उचाईया छू सकता है। इस अवसर पर नीलकंठ सेवा समिती के प्रधान रोहित जमदग्नि, उपप्रधान विरेन्द्र सिंह, महासचिव अशोक अहलावत, सह सचिव सेवा जी मद्दू और कोषाध्यक्ष रघुबीर बल्हारा और अमित जून सहित काफी संख्या में एच एल सिटी के निवासी भी मौजूद रहे।

## अमर शहीद की शहादत को किया नमन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
अमर शहीदों की याद में पुलिस विभाग की ओर से 21 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक पुलिस शहीदी व पुलिस झण्डा दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 अक्तूबर रविवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौल्था व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांडी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भलाई शाखा निरीक्षक बीरभान ने बताया कि अमर शहीद एएसआई जगदीश चंद्र ने नौल्था गांव के राजकीय स्कूल से शिक्षा ग्रहण की थी। जून 2006 में वह रोहतक पुराना बस स्टैंड चौंकी में इंचार्ज थे। कच्चा बेरी रोड़ पर दो पक्ष आपस में भिड़ रहे थे। वे चाकू और बोतल का इस्तेमाल कर रहे थे। कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व गंभीर रुप से घायल खून से सने युवक की जान बचाने के लिए एएसआई जगदीश चंद्र ने बीच-बचाव किया तो दूसरे पक्ष के युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया।

# परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां ठीक करने के लिए वार्ड 12 में शिविर का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** रविवार को वार्ड 12 में स्थित स्वर्णकार धर्मशाला में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जजपा के हलका प्रधान अनिल त्यागी व महिला विंग की प्रधान अनीता वर्मा ने संयुक्त रूप से किया । जजपा नेत्री अनिता वर्मा ने कहा कि काफी समय से वार्ड के लोग परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां होने की शिकायत कर रहे थे,उन्होंने बताया कि लोगों की समस्या को लेकर उपमंडल प्रशासन से बात की गई तो प्रशासन द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है। अनिल त्यागी ने कहा कि प्रदेश में जजपा-भाजपा गठबंधन कि सरकार लोगों के लिए कई जनकल्याणकारी योजना चला रही है लेकिन पीपीपी में त्रुटि के चलते कुछ लोग इन सुविधाओं से वंचित थे आज उनकी त्रुटि ठीक होने पर वे भी सरकार कि योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। शिविर इंचार्ज संदीप शिविरों में त्रुटियों को ठीक करने का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। उन्होनें शिविर में वे नागरिक जिनकी आयु 55 वर्ष से अधिक है परन्तु उन्होंने अपने परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि का प्रमाण पत्र नहीं दिया है वे सभी नागरिक मेरा परिवार पोर्टल पर अपने पहचान पत्र मे जन्म तिथि का प्रमाण (जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल त्याग पत्र या मेट्रिक सर्टिफिकेट या 2017 से पहले का जारी किया हुआ वोटर कार्ड) कैम्प के माध्यम से अपलोड करवा सकते है । इसके साथ ही वे दिव्यांग नागरिक जो दिव्यांग पेंशन ले रहे है परन्तु उन्होंने अपने दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र अपने परिवार पहचान पत्र मे नहीं दिया है, वे सभी दिव्यांग नागरिक मेरा परिवार पोर्टल पर अपना-अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र अपलोड करवाये, इसके लिए वे नजदीकी सीएससी की सहायता भी ले सकते है।

# लोगों को साइबर क्राइम से बचाने को लेकर किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन पुलिस महानिदेशक** हरियाणा शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में व क्राइम के एडीजीपी ओपी सिंह के निर्देशानुसार जनसाधारण को साइबर क्राइम से बचाने व जागरूक करने के लिए अक्तूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की टीमें अभियान के तहत प्रतिदिन स्कूल, कॉलेज सहित सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर विद्यार्थियों व आनजन को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दे रही हैं। इसी क्रम में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने रविवार को जिला में ग्रुप डी कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) के बाद विभिन्न परीक्षा केन्द्रों के बाहर युवाओं को साइबर क्राइम इसके बचाव व हेल्प लाइन नंबर 1930 की जानकारी देकर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

# वर्षों से चली आ रही हनुमान स्वरूप बनने की परंपरा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,कमाल हुसैन**



अगर पानीपत के बच्चों से इन दिनों पूछोगे कि बड़ा होकर क्या बनोगे को बच्चों का एक ही जवाब होगा कि वह हनुमान बनेंगे। ऐसा इसलिए की पानीपत में वर्षों से हनुमान स्वरूप बनने की परंपरा वर्षो से चली आ रही। भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास भी फुर्सत का समय नहीं है लेकिन ऐसे में अगर कोई हनुमान स्वरूप में व्रत धारण कर 40 दिन तक सब कामकाज छोड़कर मंदिर में जाकर बैठे तो बड़ी बात है। दशहरे से 40 दिन पहले इस व्रत की परंपरा शुरू हो जाती है इस व्रत के दो नियम है एक 11 दिनों तक और दूसरा 40 दिन तक। नवरात्रों के दिनों हनुमान स्वरूप को लेकर राम बारात में नगर घुमाया जाता है। और दशहरे से दो दिन पहले उसे हनुमान स्वरूप मुकुट को व्रत रखने वाला व्यक्ति धारण कर नगर में घूमता है। और राम के साथ दशहरे पर रावण दहन के लिए जाता है।

**परंपरा का पालन**

**8 दो नियम है एक 11 दिनों तक और दूसरा 40 दिन तक। नवरात्रों के दिनों हनुमान स्वरूप को लेकर राम बारात में नगर घुमाया**

**कैसे शुरू हुई परंपरा**
आजादी से पूर्व पाकिस्तान के लैय्या जिले से 80 साल से भी अधिक समय पहले शुरू हुई हनुमान स्वरूप धारण करने की परंपरा पानीपत में खासकर लैय्या बिरादरी की देन है। इस हनुमान स्वरूप मुकुट को हनुमान जी के बराबर ही दर्जा दिया जाता है। यही वजह है कि इस दौरान कठिन नियमों का पालन करने की शर्त भी लोगों को डिगा नहीं पाती। आलम यह है कि हर आयु वर्ग के 2000 से अधिक लोग लाल लंगोट कस कर मंदिर में बैठे हैं।

**क्या है नियम :** हनुमान स्वरूप दशहरा से ठीक 40 दिन पहले धारण किया जाता है। मगर समय के अभाव में कुछ 11 दिन पहले इसकी शुरूआत करते हैं। इस दौरान ब्रह्मचर्य का सख्ती से पालन, जमीन या लकड़ी के तख्त पर सोना, 24 घंटे में एक बार अन्न ग्रहण कराना, नंगे पैर रहना, हनुमान की लाल लंगोट कसने पर ध्यान दिया जाता है।

## गायत्री दवे ने एमएस क्वीन ऑफ द वर्ल्ड इंडिया 2023 अवॉर्ड जीता



**नई दिल्ली।** क्वीन ऑफ द वर्ल्ड इंडिया 2023 प्रतियोगिता में भारत भर से चयनित प्रतियोगियों ने दिल्ली में आयोजित समापन समारोह में अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व प्रस्तुत किया। पेशे से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट और मुंबई की अंशकालिक फैशन मॉडल गायत्री दवे ने कई अन्य प्रतियोगियों को पराजित कर 'एमएस क्वीन ऑफ द वर्ल्ड 2023' का प्रतिष्ठित ताज जीता। प्रतिवर्ष आयोजित की जानेवाली यह प्रतियोगिता कई वर्षों से उर्मिमाला बोरुआ द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की जाती है। इस रंगारंग शाम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति देखी गई, जज पैनल में बॉलीवुड अदाकारा नेहा धूपिया और भूमि पेडनेकर भी शामिल थीं, जिन्होंने शानदार समापन समारोह में विजेताओं को ताज भी पहनाया। नव ताजपोशी ब्यूटी क्वीन के लिए विजय का क्षण बेहद भावनात्मक था। उत्साह से भरी गायत्री दवे ने कहा, मुझे लगता है कि खिताब जीतना मेरे सभी अथक प्रयासों और समर्पण की परिणति है। यह मेरी यात्रा में एक नए अध्याय का प्रतीक है। अब मैं अंतरराष्ट्रीय ताज जीतने के लिए दोगुना दृढ़ संकल्पित हूं क्योंकि मैं गर्व से अगले साल की शुरूआत में संयुक्त राज्य अमेरिका में वैश्विक समापन समारोह में अपने देश भारत का प्रतिनिधित्व करूंगी।

# मेयर निखिल मदान ने नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी पर की गौ सेवा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** नगर निगम मेयर निखिल मदान रविवार को शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर श्री राम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल, गौ शाला में पहुँचे और गौ माता की सेवा की और गायों को हरा चारा,गुड,फल इत्यादि खिलाए। इस अवसर पर उन्होंने श्री श्री 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती जी का भी आशीर्वाद लिया। मेयर निखिल मदान ने कहा की नवरात्रि का पर्व सनातन धर्म में एक विशेष स्थान रखता है। इसमें सभी भक्त नौ दिन तक सनातन पूजा पद्धति से माँ दुर्गा के नौं स्वरूपों की पूजा अर्चना करते है और अष्टमी एवं नवमी को कंजक पूजन कर नवरात्रि का समापन किया जाता है। आज उन्होंने कंजक पूजन कर मां जगदम्बे से सभी शहरवासियों के कुशल मंगल की कामना की है। इससे पूर्व मेयर निखिल मदान गत रात्रि शिव ड्रामेटिक कल्ब द्वारा सेक्टर 12 के श्याम पार्क में किए जा रहे रामलीला मंचन में पहुंचे और उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जीवन से जुड़े प्रसंगों को देखा।

# डेरा सच्चा सौदा के सेवादरों ने सीईटी परीक्षार्थियों की मदद की



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
ब्लॉक अंबाला कैंट की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार अंबाला कैंट बस स्टैंड पर सीईटी का पेपर देने वाले बाहर से आ रहे उम्मीदवारों को उनका एग्जाम स्टेशन बताने के लिए कल शाम से ही अपनी सेवा दे रहे हैं ब्लॉक अंबाला कैंट के ब्लॉक प्रेमी सेवक नरेश कुमार इंसान ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा सिरसा के आदेशानुसार अंबाला कैंट में संगत के सहयोग से एक बड़ा सहायता केंद्र बस स्टैंड पर बनाया गया हैं जिसमे 50 के लगभग शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार अपना सहयोग कर रहे हैं ।उन्होंने बताया कि ये सेवादार लोगो को रास्ता बताने के साथ साथ उनको फ्री में पानी की बॉटल भी दे बसों में जा जा कर ये लोग अपनी सेवा दे रहे हैं।अगर किसी के पास खाने की व्यवस्था नही हैं तो उसका भी इंतजाम कर रहे है। ये कार्य सुबह 5बजे से शुरू हुआ था और ये रात 9बजे तक जारी रहेगा।सेवा व जानकारी लेने वाले सभी लोग डेरा सच्चा सौदा सिरसा की बहुत बहुत धन्यवाद कर रहे हैं।संत जी भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। ऐसा ही शिवर अंबाला शहर के बस स्टैंड पर लगाया गया है ब्लॉक अंबाला शहर में सीईटी के पेपर में बाहर से आए हुए स्टूडेंट्स को पानी पिलाने की सेवा डेरा सच्चा सौदा सिरसा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग अंबाला शहर के सेवादारॉ ने की।साथ ही उनका एग्जाम सेंटर को बताने में मदद की।

**मदद में आगे**

**8 शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग अंबाला शहर के सेवादारॉ ने की**

# ओल्ड एज होम में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

**युवाओं का साथ**

**8 बुजुर्गों की नई कौशल सीखने और उन्हें सफलता की ओर मार्गदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा अंबाला शहर के ओल्ड एज होम में एक मुफ्त मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आश्रम में लगभग 40 वृद्ध लोगों का मानसिक स्तर जाँचा गया। इस शिविर के माध्यम से सामाजिक अलगाव को रोकने और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए परामर्श दिए गए, बुजुर्गों की नई कौशल सीखने और उन्हें अपने क्षेत्र में सफलता की ओर मार्गदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, टीम ने शिविर के दौरान विभिन्न कार्यशालाओं और संवादात्मक सत्र आयोजित किए। शिविर के दौरान शहर के जाने माने मनोवैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह, सहायक डॉ. दीपशिखा डॉ कोकिल , वसुंधरा व अन्य मनोवज्ञानियों तथा मनोविज्ञान के विद्यार्थयों जिनमे आर्ची कत्याल, रिया मेहता, संजीव, ऐन जैकब, रमनदीप सिंह, लवजीत कौर व कृतिका ने योगदान दिया। मनोवैज्ञानिकों की टीम ने मानसिक सेहत की देखभाल करने, तनाव को कम करने, डिप्रेशन से उभरने, और मानसिक संतुलन को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण तकनीकों के बारे में बताया। ईसी के साथ मनोवैज्ञानिक तत्वों पर आधारित कार्यशाला का आयोजन करके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाने का प्रयास किया। यह मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित करने का लक्ष्य था, ताकि अंबाला शहर के बुजुर्ग नागरिकों को मानसिक रूप से हरा-भरा और सकारात्मक माहौल प्राप्त हो सके। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम इंचार्ज डा राजिंदर राय ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज.कराई।

## पुलिस की पहल से ऑटो को दी हुई है नई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया/इन्द्रजीत सिंह**
नारनौल। शहर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा सेफ सिटी अभियान की शुरूआत की हुई है। इसके तहत पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के निदेर्शानुसार सितंबर माह से जिले में चलने वाले ऑटो चालकों को ट्रैफिक पुलिस महेंद्रगढ़ द्वारा यूनिक नंबर देने की शुरूआत की गई थी। इसके लिए सभी ऑटो चालकों व उनकी ऑटो की जानकारी एकत्रित की गई थी। जिले में चल रहे सभी ऑटो/रिक्शा की जानकारी एकत्रित कर उन पर पांच अंकों का यूनिक कोड लगाया गया।

# धार्मिक कार्यक्रम इंसान को मन की शांति की ओर ले जाते: वीरेंद्र कादियान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर जागरण** मंडल कमेटी द्वारा भिगान गांव में मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इसमें गांव व आसपास के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। जागरण पार्टी ने मां की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भव्य पंडाल में सुशोभित मां की मूर्ति के समक्ष जगमगा रही मां की पावन ज्योति के आगे भक्तों ने कतार में लगकर नतमस्तक होते हुए माथा टेक कर सुख समृद्धि की कामना की। इससे पहले मुख्य मेहमान मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने ज्योत प्रचंड करने के साथ मां के दरबार में शीश झुका कर क्षेत्र की उन्नति की कामना की। वीरेंद्र ने कहा कि इस तरह धार्मिक कार्यक्रम समाज में होते रहने चाहिए। इनसे आपसी भाईचारा बढ़ता है। सत्संग या अन्य धार्मिक कार्यक्रम इंसान को मन की शांति की ओर ले जाते है, जो जीवन में बहुत जरूरी है। जागरण मंडल प्रधान नरेश ने बताया कि भिगान गांव में पिछले 30 वर्षों से नवरात्रों में 9 दिन तक माता रानी की महिमा का गुणगान किया जाता है।

एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 23 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# सुभाष रामलीला : रावण अंगद संवाद, लक्ष्मण मूर्छा के दृश्यों का सुंदर मंचन

## मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विनय गुप्ता सहित प्रसिद्ध गौसेवी राजेन्द्र प्रसाद सिंहल लीला में शामिल हुए








**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी रामलीलाओं में से एक सुभाष** रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में नरेला के रामलीला ग्राउंड में आयोजित भव्य रामलीला अपने अंतिम दौर में जैसे-जैसे पहुंच रही है, वैसे-वैसे राम की लीलाओं को देखने के लिए हजारों की संख्या में राम भक्त लीला देखने पहुंच रहे हैं।

सुभाष रामलीला में आज विभीषण शरणागति, रावण अंगद संवाद के साथ लक्ष्मण मूर्छा के करुणात्मक दृश्यों का मंचन किया गया। देर रात तक दर्शकों ने रामलीला का आनंद लिया। राम दल की ओर से बाली पुत्र अंगद को दूत बनकर रावण दरबार में भेजना, रावण अंगद का जोशीला संवाद तत्पश्चात मेघनाथ का राम दल में युद्ध के लिए पहुंचना, शक्ति बाणों की बौछार के साथ लक्ष्मण मेघनाथ का युद्ध, लक्ष्मण को मूर्छा लगना, रामा दल में शोक की लहर के दृश्यों का सुंदर मंचन सभी कलाकारों ने किया।

**लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ विनय गुप्ता व डॉक्टर तानिया गोयल संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।** अतिथियों का स्वागत सम्मान पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विनय गुप्ता ने अपने संबोधन में भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है वह 1 दिन सफलता को अवश्य ही हासिल करता है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चलें और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। भव्य रामलीला आयोजन के लिए सुभाष रामलीला की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**अंगद और रावण संवाद का प्रभावी मंचन:** रामलीला में आज कलाकारों ने रावण अंगद संवाद का प्रभावी मंचन किया। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवाद से चरित्र को जीवंत कर दिया। भगवान राम के दूत बनकर अंगद रावण के दरबार में पहुंचते हैं। अंगद ने श्री रामचंद्र जी का आशीर्वाद प्राप्त करके रावण दरबार में अपना पैर जमाया परंतु कोई भी अंगद का पैर नहीं उठा पाया। अंत में रावण अंगद का पैर उठाने के लिए झुका तो अंगद ने कहा मेरा पैर पकड़ने के बजाय समय रहते श्रीराम का पैर पकड़ो। लोक और परलोक में कल्याण होगा। लीला मंचन के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही। इस मौके पर सुभाष रामलीला के संरक्षक लोकेश गर्ग, मोहनपुरी, प्रधान विष्णु भारद्वाज, उपप्रधान धर्मपाल वर्मा, उपप्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला, लेखाकार अनिल कुमार गर्ग व शुभम रोहिल्ला, संगठन सचिव मुकेश बंसल, सुरेश गुप्ता, ऑडिटर डॉ सचिन कौशिक व डॉ.शुभम रोहिल्ला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।





**राजेन्द्र प्रसाद सिंहल, प्रसिद्ध गौसेवी, महासचिव, विश्व हिन्दू परिषद, गौसेवा विभाग**



**सुभाष** रामलीला द्वारा बेहद भव्य स्तर पर लीला का आयोजन किया जा रहा है। दूर-दूर से हजारों की संख्या में लोग लीला देखने आते हैं। मुझे भी हर वर्ष इस लीला में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त होता है। सुभाष रामलीला कमेटी की पूरी टीम बहुत मेहनत और शिद्दत से इस भव्य रूप प्रदान करती है। मेरी ओर से पूरी टीम को साधुवाद।

**डॉ विनय गुप्ता, मुख्य अतिथि एवं प्रसिद्ध समाजसेवी**



**आज** समाज में भगवान राम जैसे आज्ञा पालक पुत्र, भाई, पति एवं आदर्श शासक के संस्कारों को जिंदा रखने के लिए रामलीला मंचन अत्यंत जरूरी है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला 77 वर्षों से आज की पीढ़ी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है। इसके लिए सुभाष रामलीला की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

# मॉडल टाउन: अंगद संवाद और लक्ष्मण मूर्छा रहे मुख्य प्रसंग

## इस दौरान राकेश भारद्वाज चौक पर हर रविवार को आयोजित होने वाली आदर्श रसोई की वार्षिक स्मारिका का भी विमोचन किया गया








**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली की प्रसिद्ध रामलीलाओं में शुमार मॉडल टाउन-॥ की श्री रामलीला कमेटी द्वारा भव्य रूप में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है।

**चैरिटी के कार्यों के लिए प्रसिद्ध है मॉडल टाउन-2 की रामलीला कमेटी:** आपको बता दें कि रामलीला में जहां एक ओर प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है, वहीं कमेटी की ओर से हर रोज लाखों रुपये का दान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं को किया जाता है। इसी कारण से मॉडल टाउन कमेटी की सराहना हर ओर की जाती है।

**लीला में हुआ अंगद संवाद और लक्ष्मण मूर्छा :** श्री रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन की रामलीला में अनुभवी कलाकारों द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है। रविवार को लीला में सेतु बंधन, अंगद रावण संवाद, विभिषण शरणगति और लक्ष्मण मूर्छा का मंचन किया गया। वहीं, कलाकारों ने अपने सुमधुर प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

**ये लोग रहे मौजूद:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कंवर करण सिंह, मॉडल टाउन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान संजय सहगल, जयहिंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मॉडल टाउन जनता की रसोई के संचालनकर्ता विजय मेहता, रमेश जैन, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा, महासचिव विनोद गर्ग, प्रभु श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन के संस्थापक रमेश ग्रोवर, चेयरमैन अजीत चावला, सीनियर वाईस चेयरमैन और मंच संचालक निर्भय नरूला, प्रधान अजय विरमानी, महामंत्री बीआर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश साहनी, वाईस चेयरमैन विशाल साहनी, वाईस चेयरमैन मुकेश मंगला, वाईस चेयरमैन हंसराज रेल्हन, वाईस चेयरमैन अमित मेहरा, वरिष्ठ उपप्रधान कैलाश बोबल, वरिष्ठ उपप्रधान हरबंस लाल ढींगडा, संयुक्त कोषाध्यक्ष मनमोहन क्वात्रा, अनन्त कुमार शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी के लोग और बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

**कंवर करण सिंह, पूर्व विधायक, मॉडल टाउन विधानसभा**



मॉडल टाउन रामलीला कमेटी द्वारा हर वर्ष बहुत ही सुंदर प्रस्तुतिकरण किया जाता है। हमारी विधानसभा की सबसे अव्वल रामलीलाओं में से एक एक इस संस्था और इसके पदाधिकारियों की जितनी तारीफ की जाए, वह कम है। हर वर्ष मुझे भी इस रामलीला मंचन में शामिल होने का मौका मिलता है।




